राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 315
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 08 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार
पेज 4 मरौरी ब्लॉक घोटाला विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की बेशर्म
पेज 6 महेंद्र सिंह धोनी ने पूरा किया ड्रोन पायलट प्रशिक्षण

## संक्षिप्त खबरें

### सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील बोले-जो किया, अफसोस नहीं

**नई दिल्ली।** जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले वकील राकेश किशोर कुमार ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा- सीजेआई के भगवान विष्णु पर दिए बयान से मैं आहत हूं। उनके एक्शन (टिप्पणी) पर ये मेरा रिएक्शन था। मैं नशे में नहीं था। जो हुआ, मुझे उसका अफसोस नहीं, किसी का डर भी नहीं है। वकील ने कहा- यही चीफ जस्टिस बहुत सारे धर्मों के खिलाफ, दूसरे समुदाय के लोगों के खिलाफ केस आता है तो बड़े-बड़े स्टेप लेते हैं। उदाहरण के लिए- हल्द्वानी में रेलवे की जमीन पर विशेष समुदाय का कब्जा है, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर तीन साल पहले स्टे लगाया, जो आज तक लगा हुआ है।


### एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी आग

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर एलपीजी गैस सिलेंडर से लदे ट्रक को केमिकल से भरे टैंकर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रक में आग लग गई और एक-एक सिलेंडर फटने लगे। ब्लास्ट के बाद 500 मीटर दूर तक खेतों में सिलेंडर गिरने लगे। 5 गाड़ियां चपेट में आ गईं। हादसे में एक व्यक्ति जिंदा जल गया। 5 लोगों के घायल होने की सूचना है। 10 किमी दूर से आग की लपटें दिखाई दे रही थीं और धमाके सुनाई दे रहे थे। जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि एक ट्रक एलपीजी सिलेंडर से भरा खड़ा था। उसे पीछे से एक केमिकल के टैंकर ने आकर टक्कर मारी।



### हैप्पी मॉर्निंग

गर्लफ्रेंड (अपने अंधे ब्वॉयफ्रेंड से) - काश तुम देख सकते कि मैं कितनी खूबसूरत हूं...!
अंधा प्रेमी- रहने दे! इतनी खूबसूरत होती,
तो क्या आंख वाले तुझे मेरे लिए छोड़ देते.
अंधा हूं, पागल नहीं...!!!



### शायरी

मुझ सा अंजान किसी मोड़ पे खो सकता है
हादसा कोई भी इस शहर में हो सकता है

### अर्थसार



संसेक्स:
81,926.75
+136.63 (0.17%)
निफ्टी:
25,108.30
+30.65

### मौसम



अधिकतम : 26 डिग्री से0
न्यूनतम : 19 डिग्री से0
सूयोदय गुरुवार : 6 : 20
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 10

## नारेबाजी




कोलकाता में एक मस्जिद के बाहर गाजा में चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष के बीच लोग फिलिस्तीनियों के समर्थन में मार्च के दौरान नारे लगाते हुए लोग।

### करूर भगदड़- विजय ने मृतकों के परिजन से बात की

**नई दिल्ली।** एक्टर और टीवीके प्रमुख विजय ने करूर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करना शुरू किया है। एजेंसी के मुताबिक, विजय अब तक 4 से 5 परिवारों से वीडियो कॉल पर बात कर चुके हैं। इससे पहले 4 अक्टूबर को मद्रास हाईकोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए एक्टर और पार्टी को फटकार लगाई थी।

## कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा की तारीख बदल सकेंगे

### एक्स्ट्रा चार्ज भी नहीं लगेगा, दावा- जनवरी 2026 से नई व्यवस्था लागू होगी

नई दिल्ली। अब आप अपने कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा तारीख बदलवा सकेंगे और इसके लिए आपको कोई कैंसिलेशन फीस या एक्स्ट्रा चार्ज भी नहीं देना पड़ेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी 7 अक्टूबर को दी। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 से यात्री कन्फर्म टिकट को आगे की डेट में चेंज करा सकेंगे।

हालांकि इस प्रक्रिया में तारीख बदलने पर कन्फर्म टिकट की गारंटी नहीं होगी। सीट उपलब्धता के आधार पर ही मिलेगी।



#### इस उदाहरण से समझें...

यदि आपके पास 20 नवंबर को दिल्ली से पटना जाने की कन्फर्म टिकट है और किसी वजह से प्लान चेंज होकर 5 दिन आगे बढ़ गया, तो 25 नवंबर के लिए आपको नया टिकट लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

आप अपने 20 नवंबर के कन्फर्म रेल टिकट में यात्रा की तारीख ऑनलाइन बदल सकेंगे और उसी टिकट से 25 नवंबर को पटना की यात्रा कर सकेंगे। खास बात ये है कि इस प्रोसेस के लिए आपका पैसा भी नहीं कटेगा।

### हिमाचल में बस पर पहाड़ी से मलबा गिरा, बिलासपुर में दिनभर हुई बारिश के कारण हादसा

## 15 लोगों की मौत, 2 बच्चे बचाए






बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में मंगलवार शाम एक यात्री बस पर पहाड़ से मलबा गिर गया।

न्यूज एजेंसी ने इस हादसे में 18 लोगों की मौत का दावा किया, जबकि एसपी ने 15 मौतों की पुष्टि की है। बस में दबे 2 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। हादसे के तुरंत बाद एसडीआरएफ, पुलिस और लोकल लोग राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची।

बिलासपुर के एसपी संदीप धवल ने बताया कि मृतकों में 9 पुरुष, 4 महिलाएं, 2 लड़के शामिल हैं, जबकि दो बच्चे घायल (एक लड़का और एक लड़की) है। मृतकों के शवों का आज बरठीं के अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। इसके बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

दरअसल, बिलासपुर समेत हिमाचल के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार सुबह से बरसात हो रही है। इसी वजह से शाम 6: 25 बजे बरठीं के पास भलू में अचानक पहाड़ का मलबा बस पर आ गिरा। यह बस मरोतन से घुमारवीं जा रही थी।

मलबा इतना अधिक था कि हादसे के बाद बस की केवल छत नजर आ रही थी। स्थानीय लोगों की सूचना के तुरंत बाद पुलिस-प्रशासन मौके पर पहुंच गया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा- हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुई दुर्घटना में जान-माल की हानि से गहरा दुख हुआ है।

इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं।

उन्होंने आगे लिखा- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

#### हादसे में इन लोगों की हुई मौत

हादसे में शरीफ खान, रजनीश कुमार, चुन्नी लाल, सोनू, बख्शी राम, नरेंद्र शर्मा, कृष्ण लाल, नक्ष, प्रवीण कुमार, अंजना देवी, आरव, कांता देवी, विमला, कमलेश और संजीव कुमार की मौत हो गई। वहीं आरुषि और शौर्य घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

## राहुल बोले-रायबरेली में इंसान नहीं, संविधान की हत्या

### भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण; दलित युवक की पीटकर हत्या, मार खाते हुए राहुल का नाम लिया था

**रायबरेली।** रायबरेली में मॉब लिंचिंग को लेकर राहुल गांधी ने कहा- दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या केवल एक इंसान की नहीं, बल्कि इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़ तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।

राहुल ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है, इंसाफ की जगह डर ने, लेकिन यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है। मैं परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्हें न्याय जरूर मिलेगा।



दरअसल, 2 अक्टूबर को हरिओम पासवान की हत्या हुई थी। शुरू में कहा गया था कि युवक ड्रोन चोर था। उसी दिन युवक को पीटने और उसकी लाश के वीडियो भी सामने आए थे।

इसके बाद 4 अक्टूबर को एक और वीडियो सामने आया, जिसमें मार खाते हुए युवक राहुल गांधी का नाम लेता है। इस पर भीड़ में से एक शख्स कहता है, यहां सब 'बाबा' वाले हैं। इस मामले में लापरवाही करने पर ऊंचाहार थाना अध्यक्ष संजय कुमार समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार रात राहुल ने परिवार से फोन पर बात की थी। कहा था- परेशान मत होइए, कांग्रेस परिवार आपके साथ है।

#### रायबरेली में जो हुआ, वह देश पर कलंक : खड़गे

इस मामले में राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ साझा लेटर भी लिखा है। जिसे दोनों नेताओं ने एक्स पर शेयर किया। इसमें लिखा है, रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम और क्रूर हत्या की कांग्रेस पार्टी कड़ी से कड़ी निंदा करती है। हमारे देश में एक संविधान है, जो हर इंसान को समानता के भाव से पहचानता है। एक कानून है, जो हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और उसकी अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। जो रायबरेली में हुआ, वह इस देश के संविधान के प्रति घोर अपराध है। दलित समुदाय के प्रति अपराध है। इस देश और समाज पर कलंक है।

### अरबों की ठगी करने वाली क्रिप्टो करेंसी कंपनी का संचालक छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से मिस्टर मिंट क्रिप्टो करेंसी के नाम पर अरबों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के संचालक बलविंदर सिंह छाबड़ा (बल्ली) को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उसके घर से की गई। इस मामले में एफआइआर जुलाई 2025 में ठाणे में दर्ज की गई थी, जिसमें बलविंदर सहित अन्य संचालकों के नाम शामिल हैं। इससे पहले पुलिस ने रायपुर से प्रमोद साहू और राहुल भदौरिया को भी गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला है कि संचालकों ने फर्जी क्रिप्टो करेंसी टोकन और कृत्रिम एक्सचेंज बनाए। कंपनी ने सेबी और आरबीआइ के नाम पर जाली दस्तावेज तैयार कर निवेशकों को भारी मुनाफे का झांसा दिया।

## अब फेस, फिंगरप्रिंट से भी करें यूपीआई पेमेंट

### सरकार ने नए फीचर्स को मंजूरी दी, अभी भुगतान के लिए पिन जरूरी था

नई दिल्ली। यूपीआई यूजर्स अब फेस और फिंगरप्रिंट के जरिए पेमेंट कर सकेंगे। यूपीआई ऑपरेट करने वाली एजेंसी एनपीसीआई के नए बायोमेट्रिक फीचर्स को केंद्र सरकार ने आज यानी 7 अक्टूबर को मंजूरी दे दी है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर ने मुंबई में चल रहे ग्लोबल फिन टेक इवेंट में नए फीचर्स को लॉन्च किया है, जल्द ही यूपीआई एप्स इसे एड करेंगे। इसके बाद यूपीआई पेमेंट करने के लिए पिन की जरूरत ऑप्शनल हो जाएगी। एनपीसीआई का कहना है कि यह नया तरीका यूपीआई पेमेंट को ज्यादा आसान, सुरक्षित और यूजर-फ्रेंडली बनाएगा। यूपीआई के नए यूजर होने या पिन भूल जाने पर भी आप फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल कर पाएंगे। नए फीचर्स में आपको डेबिट कार्ड की जानकारी डालने या ओटीपी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। सीधे फिंगरप्रिंट से अपना यूपीआई पिन सेट या रीसेट कर सकेंगे।

## एनआइए का खुलासा, लश्कर-ए-तैयबा को ड्रग्स से फंडिंग : 8 आरोपियों पर आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआइए ने 2020 के अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेरर नेटवर्क मामले में आठ अन्य आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। यह मामला पाकिस्तान से समुद्री मार्ग से गुजरात के रास्ते भारत में ड्रग्स की तस्करी से जुड़ा है।

इन ड्रग्स तस्करी का उद्देश्य लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी संगठन को वित्तपोषित करना था।सलाया ड्रग्स मामले में दायर आरोपपत्र में एनआइए ने नार्को-आतंकवादी साजिश की पुष्टि की है, जिसका मास्टरमाइंड इटली स्थित सिमरनजीत सिंह संधू, आस्ट्रेलिया स्थित तनवीर बेदी और भारत स्थित अंकुश कपूर हैं। एनआइए ने डिजिटल, तकनीकी और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अहमदाबाद स्थित एनआइए विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया है।




सिमरनजीत सिंह, तनवीर सिंह बेदी और अंकुश कपूर के अलावा आरोपपत्र में पाकिस्तानी नागरिक तारिक उर्फ भाईजान, गगनदीप सिंह अरोड़ा और तीन अन्य आरोपित तमन्ना गुप्ता, सुखबीर सिंह उर्फ हैप्पी और अनवर मसीह शामिल हैं।

#### क्या है मामला?

यह मामला पाकिस्तान से समुद्री मार्ग से गुजरात में 500 किलोग्राम हेरोइन की तस्करी और फिर उसे पंजाब पहुंचाने से संबंधित है।

नशीले पदार्थों की बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की गतिविधियों के लिए किया गया था।

## हरियाणा के आईपीएस अफसर सुसाइड केस में खुलासा

### गनमैन ने रिश्वत केस में नाम लिया, वसीयत-फाइनल नोट मिला

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में खुद को गोली मार ली। पूरन कुमार ने पीएसओ के पिस्टल से गोली मारी।

2 दिन पहले रोहतक के अर्बन एस्टेट थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई। ये एफआईआर रोहतक रेंज के आईजी रहे वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार के खिलाफ थी, जिसमें सुशील कुमार पर एक शराब कारोबारी से रिश्वत मांगने का आरोप था।

रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने बताया कि वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील ने एक शराब कारोबारी से दो से ढाई लाख रुपए मंथली रिश्वत मांगी थी। इससे जुड़ी एक ऑडियो क्लिप मिलने के बाद सुशील को अरेस्ट किया गया। पूछताछ में सुशील ने वाई पूरन कुमार का नाम लिया। रोहतक पुलिस ने मंगलवार शाम को सुशील को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



सूत्रों के अनुसार, पूरन कुमार के सुसाइड की यही वजह मानी जा रही है। पूरन कुमार को 29 सितंबर को सरकार ने रोहतक रेंज के आईजी पद से हटाते हुए पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज , सुनारिया में आईजी लगा दिया। पुलिस महकमे में इसे एक तरह की पनिशमेंट ट्रांसफर समझा जा रहा था। देर शाम को चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक, पुलिस को मौके से एक वसीयत और एक फाइनल नोट बरामद हुआ है। इन्हें बाकी सबूतों के साथ जब्त कर लिया गया। वाई पूरन कुमार की पत्नी के 8 अक्टूबर को जापान से लौटने के बाद मेडिकल बोर्ड बनाकर पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

इस बीच, पुलिस सूत्रों का कहना है कि मौके से मिले नोट में हरियाणा के एक मौजूदा आईपीएस अफसर और 2 रिटायर्ड आईपीएस अफसरों का नाम है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई।

### जहरीला सिरप

### 5 राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## कफ-सिरप से दो राज्यों में अबतक 23 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है।

एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में हो।



वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। सरकार ने पांच दिन के अंदर कंपनी से जवाब मांगा है।

#### कोल्ड्रिफ की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिलीं

इससे पहले तमिलनाडु सरकार की जांच कमेटी को कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गड़बड़ियां मिली थीं। जिन्हें क्रिटिकल और मेजर श्रेणी में रखा गया था।

#### जांच रिपोर्ट की 9 जरूरी बातें...

कंपनी में दवा बनाने के लिए योग्य और प्रशिक्षित कर्मचारी नहीं थे।

फैक्ट्री बहुत गंदी थी, वहां न सफाई थी और न ही सही वेंटिलेशन व्यवस्था थी।

कई मशीनें टूटी और जंग लगी हुई थीं।

फैक्ट्री में सुरक्षा के जरूरी उपकरण जैसे एयर हैंडलिंग यूनिट लगाए ही नहीं गए थे।

दवा बनाने में घटिया और गैर-फार्मा क्वालिटी के केमिकल इस्तेमाल किए गए थे।

कंपनी ने 50 किलो प्रोपाइलीन ग्लाइकोल बिना बिल के खरीदा था।

दवा में डायथिलीन ग्लाइकोल नाम का जहरीला केमिकल मिला।

लिक्विड दवाओं को प्लास्टिक पाइप से ट्रांसफर किया जा रहा था, जिससे दवा गंदी हो सकती थी।

फैक्ट्री में दवा छानने की कोई व्यवस्था नहीं थी। केमिकल का गंदा पानी सीधे नालियों में छोड़ा जा रहा था।

## आंध्र प्रदेश से तस्करी कर लाया गया 10 टन लाल चंदन बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस की एसटीएफ और आंध्र प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने तिरुपति से तस्करी कर लाया गया 10 टन लाल चंदन तुगलकाबाद गांव स्थित एक गोदाम से बरामद किया।

इस लाल चंदन की बाजार में कीमत करीब छह करोड़ रुपये है। पुलिस ने मौके से हैदराबाद निवासी इरफान और नवी मुंबई निवासी अमित पवार को गिरफ्तार किया। बरामद लाल चंदन को नेपाल और म्यांमार के रास्ते चीन सहित अन्य दक्षिण एशियाई देशों में भेजा जाना था।



#### दो लोग गिरफ्तार

पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि अगस्त माह में तिरुपति पुलिस ने लाल चंदन की लकड़ी की तस्करी करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन्होंने बताया था कि तिरुपति से चंदन की लकड़ी दिल्ली भेजी गई है। आंध्र प्रदेश पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि तस्करी करके दिल्ली भेजा गया चंदन तुगलकाबाद स्थित एक गोदाम में छिपा कर रखा गया है। इस पर आंध्र प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया। गिरफ्तार आरोपितों इरफान और अमित ने बताया कि उन्हें लकड़ी अगस्त के पहले सप्ताह में मिली थी।

## संपादकीय

# जूता और जाति : जब नफ़रत ने संविधान पर वार किया



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### जूता अब प्रतीक बन गया है

सुप्रीम कोर्ट की चारदीवारी में फेंका गया वह जूता अब केवल एक वकील का आवेश नहीं रहा।
वह इस दौर की मानसिक गिरावट, संवैधानिक अवमानना और सामाजिक नफ़रत की राजनीति का प्रतीक बन चुका है।
जब देश का मुख्य न्यायाधीश — जो दलित समाज से आता है — केवल इसलिए निशाने पर आता है कि उसने तर्क से धर्म पर सवाल उठाया, तो यह हमला किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि संविधान के उस पन्ने पर है, जिसमें 'बराबरी' लिखा है।

### वही आग जल रही है जो लगाई गई थी

आज जो लोग सोशल मीडिया पर इस अपराधी का महिमामंडन कर रहे हैं,
वे वही 'ट्रोल आर्मी' हैं जो सालों से नफ़रत का व्यापार कर रही है —
कभी 'जय श्रीराम' के नाम पर मारते हैं, कभी 'आरक्षण' के नाम पर गालियाँ देते हैं,
और अब 'सनातन' के नाम पर सुप्रीम कोर्ट पर जूता चलाते हैं।

### प्रधानमंत्री और अन्य नेताओं ने इस हमले की निंदा की —

पर सवाल यह है कि जिस आग को 'धर्म रक्षा' के नाम पर भड़काया गया,
वही अब उनके घरों की दीवारें भी चाटने लगी है।
यह वही ज़हर है जिसे राजनीतिक लाभ के लिए बोया गया था —
और अब यह 'संविधान' की नींव को खोखला कर रहा है।

### जातिवाद का असली चेहरा

जिस व्यक्ति ने यह कृत्य किया, वह उसी मानसिक ढाँचे का हिस्सा है
जो दलितों, ओबीसी और आदिवासियों की प्रगति से चिढ़ता है।
सोशल मीडिया पर उसके समर्थन में जो सरनेम दिखे —
वे जातीय वर्चस्व की वही पुरानी तस्वीर पेश करते हैं।
यही लोग कहते हैं — 'आरक्षण खत्म करो, जाति मत गिनो, सनातन खतरे में है!'
पर असल में खतरे में सनातन नहीं, उनका वर्चस्व है —
जो सदियों से न्याय, समानता और ज्ञान पर ताला लगाकर बैठे थे।
अब जब वही ताले संविधान ने तोड़े हैं, तो वे गुस्से में हैं —
और इस गुस्से ने उन्हें अदालत की गरिमा तक रौंदने पर मजबूर कर दिया।

### इतिहास फिर दोहराया जा रहा है

यह वही मानसिकता है जिसने बुद्ध को निर्वासित किया,
कबीर पर पत्थर चलाए,
फुले, पेरियार और अंबेडकर को धर्मद्रोही कहा।
आज वही लोग खुद को धर्मरक्षक कहकर संविधान के खिलाफ़ मोर्चा खोल बैठे हैं।
उनके लिए खिलजी, अंग्रेज या मुग़ल कभी शत्रु नहीं थे —
क्योंकि तब वे सत्ता के साथ थे।
लेकिन अब जब एक दलित न्यायाधीश संविधान की व्याख्या करता है,
तो वे उसे 'हिन्दू विरोधी' कह देते हैं।
यह 'अंधभक्ति' नहीं, बल्कि धर्म के नाम पर सत्ता का ठेका है।

### असली सवाल — जनता कब जागेगी?

इस घटना ने साफ़ कर दिया कि जो सरकार अपने कोर वोटरों की नफ़रत पर टिकी हो,
वह संविधान की नहीं, भीड़ की सरकार होती है।
जो जनता यह नहीं समझती कि संविधान उसकी ढाल है —
वह उसी भीड़ का हिस्सा बन जाएगी,
जो आज अदालत में और कल संसद में जूता फेंकेगी।
ओबीसी, दलित और आदिवासी समाज को अब यह समझना होगा कि
जो 'सनातन की रक्षा' की बात करते हैं,
वे असल में 'समानता की हत्या' कर रहे हैं।
जो आरक्षण से डरते हैं,
वे बराबरी से नफ़रत करते हैं।

### यह जूता गवई पर नहीं, भारत पर फेंका गया है

यह हमला किसी बी. आर. गवई पर नहीं था —
यह हमला बी. आर. अंबेडकर की विरासत पर था।
यह जूता संविधान की उस आत्मा पर फेंका गया है,
जिसने कहा था —
'हमारा धर्म न्याय है, न कि जाति।'
जो लोग इस अपराधी का समर्थन कर रहे हैं,
वे सिर्फ़ एक जूते को नहीं,
बल्कि भारत की आत्मा को कुचल रहे हैं।


### और इतिहास ने हमेशा यही लिखा है —

'संविधान से टकराने वाले कभी सत्ता के सिंहासन पर नहीं,
बल्कि कचरे के ढेर पर मिलते हैं।'

संविधान बचेगा, तो देश बचेगा।
जय न्याय। जय समता। जय अंबेडकर।

# बदलाव एवं विकास की राह ताकता बिहार चुनाव

- ललित गर्ग -



बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। मतदान की तिथियों की घोषणा के साथ ही लोकतंत्र का यह महायज्ञ आरंभ हो चुका है, जिसमें करोड़ों मतदाता दो चरणों में दिनांक 6 और 11 नवंबर को अपने मत के माध्यम से राज्य की दिशा और दशा दोनों तय करेंगे। इस बार का चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि विचार और व्यवस्था परिवर्तन का चुनाव है। बिहार लंबे समय से जिस पिछड़ेपन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अराजकता की बेड़ियों में जकड़ा रहा है, उससे मुक्ति का यह अवसर है। 14 नवंबर को मतगणना के साथ बिहार में नई सरकार की तस्वीर सामने होगी, लेकिन राज्य में सियासत जिस तरह आकार ले रही है, मतदान तक कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। बिहार के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो यह धरती कभी बुद्ध की करुणा और चाणक्य की नीति की जननी रही है, लेकिन आज वही बिहार कानून व्यवस्था की विफलताओं, जातिवाद की जंजीरों और विकासहीनता की विवशताओं से जूझ रहा है। सड़कें टूटी हैं, शिक्षा व्यवस्था जर्जर है, चिकित्सा तंत्र कमजोर है, और रोजगार की तलाश में हर साल लाखों युवा अपनी मातृभूमि छोड़ने को विवश हैं। ऐसे में यह चुनाव एक सामाजिक जागृति का अवसर भी है, जब मतदाता केवल चेहरे नहीं, चरित्र और चिंतन को वोट देंगे।

राजनीतिक दल अपनी-अपनी घोषणाओं, वादों और दृष्टि-पत्रों के साथ मैदान में हैं। कोई 卐नया बिहार卐 बनाने का नारा दे रहा है, तो कोई 卐विकसित बिहार卐 का। लेकिन सवाल यह है कि क्या घोषणाओं से बिहार का भाग्य बदलेगा, या फिर यह चुनाव भी परंपरागत नारों और जातीय समीकरणों के हवाले हो जाएगा? यह समय है कि जनता दलों से नहीं, दिशा से जुड़ाव करे; नारे से नहीं, नैतिकता से संवाद करे। पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार बिहार का चेहरा बने हुए हैं और यह चुनाव भी अलग होता नहीं दिख रहा। मूल सवाल यही है कि क्या नीतीश को एक और मौका जनता देगी? राज्य में एनडीए ने उन्हें आगे कर रखा है और महागठबंधन से सीधी टक्कर मिल रही है। 2005 से नीतीश कुमार बीच के कुछ समय को छोड़ कर सत्ता पर काबिज हैं। इस दौरान उन्होंने 9 बार शपथ ली और कई बार पाला बदला। गठबंधन के साथी बदलते रहने और कम सीटों के बावजूद मुख्यमंत्री वही बने। इसके पीछे उनकी अपनी 'सुशासन बाबू' की छवि भी है, लेकिन अब इसे चुनौती मिल रही है। पहली बार नीतीश सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की कोशिश हो रही है। वहीं, कानून-व्यवस्था का मामला भी चिंता बढ़ाने वाला है। हाल के महीनों में पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका और हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर की हत्या ने सरकार की परेशानी बढ़ाई। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हर चुनाव में जंगलराज की तरह पेश किया, पर अब सवाल विपक्षी दल पूछ रहे हैं। यह चुनाव ऐसे अनेक सवालों के घेरे में हैं।

विकास पर जोर के बावजूद बिहार की राजनीति में जाति एक निर्णायक कारक है। हर पार्टी की चुनावी रणनीति समुदाय आधारित लामबंदी से गहराई से प्रभावित है। दोनों प्रमुख गठबंधन एनडीए ओर महागबंधन सीट बंटवारे की बातचीत में उलझे हैं। 243 विधानसभा सीटों में से गठबंधन में से किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी और किसे कोन-सी सीट मिलेगी, यह विवाद का विषय है। पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला हुआ था- इस बार समीकरण में प्रशांत किशोर की जन सुराज भी है, जो भ्रष्टाचार ओर पलायन का मुद्दा उठाए हुए हैं। कुछ और भी नये राजनीतिक दल मैंदान में हैं। बिहार की सबसे बड़ी चुनौती कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुदृढ़ता की है। आए दिन होने वाली अपराध घटनाएं और अराजकता ने राज्य की छवि को धूमिल किया है। एक ऐसा शासन चाहिए जो भयमुक्त समाज दे सके, जहां नागरिक सुरक्षित महसूस करें, जहां अपराध पर अंकुश हो और न्याय त्वरित मिले। विकास तभी संभव है जब विश्वास का माहौल बने।

बिहार की राजनीति में इस बार कई नए दल और कई पुराने चेहरे नए दल के साथ दिखाई देने वाले हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी 'जनसुराज', तेजप्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा और पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी पहली बार बिहार विधानसभा के चुनाव में नजर आने वाली है। ऐसे में सभी दल चुनावी जंग में ताल ठोकने को तैयार है।

मगर देखने वाली बात ये होगी कि कौन सी पार्टी अपना कितना दम दिखा पाती है? क्या प्रशांत किशार की पार्टी उनके दावे के अनुसार प्रदर्शन करती है या फुस्स साबित होती है, वहीं, तेजप्रताप यादव अपनी पार्टी बनाकर तेजस्वी यादव को कितना झटका देते है। यह सब अब चुनाव के परिणाम पर तय होगा। साथ ही यह भी तय होगा कि कौन सी पार्टी अपना अस्तित्व बचा पाती है कौन नहीं? यह चुनाव बिहार की आत्मा को झकझोरने वाला क्षण है। यहां की जनता अब सिर्फ रोटी-कपड़ा-मकान नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, और सम्मानजनक जीवन चाहती है। यह चुनाव इस आकांक्षा का प्रतीक है। जो भी दल इस वास्तविकता को समझेगा, वही बिहार का भविष्य गढ़ पाएगा।

आज बिहार के मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील हैं। वे जानते हैं कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता और प्रशासनिक जवाबदेही। यह चुनाव केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं करेगा, बल्कि यह तय करेगा कि क्या बिहार अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ पाएगा। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अराजकता की चर्चा होती रहती है, इसलिये यह स्वाभाविक है कि राज्य का विकास, कानून व्यवस्था एवं रोजगार का मुद्दा भी पक्ष-विपक्ष के बीच एक प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। हालांकि पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव बदला-बदला होगा, इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं। वहीं आरजेडी और कांग्रेस ने पूछा है कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा? जनता वादों पर भरोसा करती है या बदलाव संग जाती है, जवाब मिलने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

वैसे, बिहार चुनाव का इतना ज्यादा महत्व कोई नई बात नहीं है। विगत दो दशक से एक विशेष क्रम बना हुआ है। लोकसभा चुनाव के अगले साल बिहार विधानसभा के चुनाव होते हैं। केंद्र में जो पार्टी विपक्षी गठबंधन में रहती है, वह बिहार विधानसभा चुनाव में अपना पूरा जोर लगा देती है, जिससे चुनाव कुछ ज्यादा रोचक एवं उत्तेजक बन जाता है। सियासी स्थिति का आकलन करें, तो बिहार में लगभग बीस साल शासन के बावजूद जनता दल यूनाइटेड या नीतीश कुमार की ताकत को कोई भी खारिज नहीं कर रहा है। भाजपा पूरी मजबूती से नीतीश कुमार के साथ खड़ी है, ताकि सत्ता बनी रहे। दूसरी ओर, राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन अभी नहीं, तो कभी नहीं वाले अंदाज में जोर लगा रहा है। लोकतंत्र की इस परीक्षा में बिहार एक नई इबारत लिख सकता है-एक ऐसा बिहार जो शिक्षित हो, संगठित हो, और सजग हो। जहां राजनीति सेवा का माध्यम बने, संघर्ष का नहीं; जहां सत्ता संवेदना की भाषा बोले, स्वार्थ की नहीं। बिहार का यह जनादेश वास्तव में इतिहास रच सकता है-यदि जनता जाति नहीं, न्याय को चुने; वादा नहीं, विश्वास को चुने। यह चुनाव बिहार के भाग्य परिवर्तन की कुंजी बन सकता है-बशर्ते हम सब मिलकर कहें- अब की बार, सुशासन और सुधार।

## खून से लबरेज़ इश्क़ का दरिया

दुनिया की भीड़ से बचकर तुझको निहार आया हूँ,
इश्क़ के हर कर्ज को इस तरह उतार आया हूँ।

खून से लबरेज़ इश्क़ का दरिया,
प्यार की नाजुक कश्ती से बमुश्किल पार आया हूँ।

ग़मों की आग में भीगा हर लम्हा,
दर्द के हर चेहरे को मैं सवार आया हूँ।


जख्मों में छुपे हैं अश्क़ और निशान,
हर जख्म को धीरे-धीरे उतार आया हूँ।

छन-छन करती तेरी मीठी आवाज़,
पायल की झंकार से मैं लाया हूँ।

रात की चाँदनी में तेरी यादें जैसे
लोरी सुनाती हों उनमें प्यार लाया हूँ।

हर मुस्कान तेरी आँखों में बसी,
हर खुशी को अपने संग मैं लाया हूँ।


हवाओं में तेरी खुशबू समाई,
हर सांस में तेरे लिए बहार लाया हूँ।



संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3674




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3673 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- ''मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !''

''मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है.''

''उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था.'' साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.

□ □ □

एक महिला एक निमन्त्रण में गई.


वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली-''मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे.''

□ □ □

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- ''मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं.''

इस पर पत्नी तमककर बोली-''जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !''

## फिल्म वर्ग पहेली- 3674



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3673



## सूडोकु -3674

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3673 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3674



**बाएँ से दाएँ**

1.अपनापन का विलोम-5
4.हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7.गीत (अंग्रेजी-2)
8.गलीचा,कारपेट-3
9.किनारा,छोर-2
10.झगड़ा,कहासुनी-4
11.समय,वक्त-2
13.बेबस-3
14.राष्ट्र,स्वदेश-2
15.पुत्र,लड़का-3
17.प्राप्त करना-2
19.सेंधमार-5
22.चरित्र,व्यवहार-2,3
25.जीव,दूत,जासूस-2
26.आत्मबलि देना-3
28.ताकत,जोश,बल-2
29.कराह,टीस,लालसा-3
30.वहम,संदेह-2
32.आह भरना-4
34.दूर्वा,घास-2
36.चोंगा,गाऊन-3
37.सफर,जात्रा-2
38.दयालु,कृपालु-4
39.निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.पांव, पैर-2
2.भिखारी,मंगता-3
3.अस्वीकृत करना-3,2
4.माला का मोती-3
5.बुरी आदत-2
6.नाटक से परिपूण-4
7.हल्का काला,श्याम-5
10.व्यवस्थित-4
12.बुरी आदत-2
16.अनुकृति-3
17.तांबूल,पत्ता-2
18.रुखसार,कपोल-2
20.डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21.जोड़,योग-2
22.चतुर्थ-2
23.आनंद ध्वनि करना-4
24.महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25.चमकीला-5
26.नीच,नराधम -4
27.विनाश, नेस्तनाबूत-2
31.रंग (अंग्रेजी-3)
33.पराजित करना-3
35.गौरेया, एक चिड़िया-2
37.दोस्त,मित्र, सखा-2

शब्द पहेली - 3673 का हल



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 08 अक्टूबर 2025
Www.vishalindia.in

# नोएडा यूनीफाइड पॉलिसी में होगा संशोधन

## बोर्ड में चर्चा के बाद शासन को भेजा गया प्रस्ताव, तीनों प्राधिकरण भूखंड आवंटन में आएगी समानता




**नोएडा।** तीनों प्राधिकरण के आवंटन, निरस्तीकरण, लीज डीड में एक रूपता लाने के लिए यूनीफाइड रेगुलेशन 2025 को लागू किया गया था। इस पॉलिसी में अब संशोधन किया जा रहा है। संशोधन से संबंधित पाइंट को बोर्ड में रखा गया। इस पर चर्चा की गई। मिनट्स तैयार कर शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

### कारोबारियों की डिमांड पर होगा बदलाव

यूनीफाइड पॉलिसी के तहत औद्योगिक प्लाट आवंटन में उद्यमियों की डिमांड पर कुल 17 क्लॉज में बदलाव किया जा रहा है। इंटरव्यू बेस पर अलाटमेंट, स्क्रीनिंग कमेटी, ई ऑक्शन प्रोसेस के अलावा संस्थागत में नर्सिंग होम और हॉस्पिटल, नेट वर्थ , लिक्विडिटी , नॉन प्रोफिट मेकिंग कंपनी, आईटी आईटीईएस कंपनी के अलाटमेंट संबंधित भूखंड आवंटन में संशोधन किया जा रहा है।

वहीं वाणिज्यिक होटल आवंटन मामले में एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में एक्सपीरियंस , लीड मैंबर और कंसोर्टियम इसके अलावा वाणिज्यिक में कुल तीन क्लॉज में संशोधन किए जाने का प्रस्ताव है। वहीं वाणिज्यिक में छोटे भूखंड 18 ये 300 वर्गमीटर योजना निकाली गई थी। जिसके बाद योजना में हिस्सा लेने वाले लोगों ने सुझाव दिए।

इन्ही सुझावों के आधार पर 6 क्लॉज में संशोधन किया जा रहा है। इसके अलावा तकनीकी और वित्तीय अर्हता में भी संशोधन किया जाएगा। वहीं कॉरपोरेट, आईटी आईटीईएस भूखंडों के आवंटन में सुविधा के लिए भी पॉलिसी में बदलाव किया जा रहा है।

### 219 बोर्ड में हुई थी चर्चा

संशोधन से पहले कारोबारियों ने प्राधिकरण को डिमांड लेटर दिए थे। इन लेटर पर प्राधिकरण की टीम ने अध्ययन किया। जिसके बाद बोर्ड में इसको लेकर चर्चा की गई। मिनट्स तैयार करके शासन को भेजे गए हैं। आगामी एक सप्ताह में वहां से अप्रूवल होकर आएगा। जिसके बाद संशोधित पॉलिसी को लागू किया जाएगा। इसी आधार पर ही भूखंडों का आवंटन किया जाएगा।

# डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

40 लाख कराए थे ट्रांसफर, दो लोगों के खाते में आए थे 4.98 लाख रुपए




**नोएडा।** नोएडा में साइबर पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राकेश कुमार निवासी पानीपत हरियाणा के हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी पानीपत से की गई है।

21 अगस्त को पीड़िता ने साइबर पुलिस से शिकायत की थी उसे डिजिटल अरेस्ट कर जांच के नाम पर ठगों ने 40 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए थे। जांच के दौरान साइबर सेल ने तत्काल जिन बैंक के खातों में पैसा ट्रांसफर किया गया था। उसे फ्रीज करवा दिया था। जांच के दौरान राकेश कुमार के खाते के बारे में जानकारी मिली।

पूछताछ के दौरान राकेश ने बताया कि वह पानीपत में प्राइवेट नौकरी करता है। वहां उसका संपर्क साइबर अपराध में लिप्त करण निवासी पानीपत हरियाणा से हो गया।

# जेठ के बेटे ने बनाई अश्लील वीडियो

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के जेठ के बेटे ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी युवक अब वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला को ब्लैकमेल कर रहा है। महिला से पैसे की लगातार मांग की जा रही है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कर लिया गया है।

### नहाते वक्त बना ली वीडियो

कोर्ट में दिए प्रार्थनापत्र में सदरपुर कॉलोनी निवासी 37 साल की महिला ने बताया कि वह शादीशुदा है। उसके जेठ के बेटे सुल्तान आलम ने महिला की उस समय वीडियो बना ली जब वह स्नान कर रही थी। कई अन्य अश्लील वीडियो भी आरोपी ने बनाई है। यह सब योजना बनाकर किया गया है। आरोपी अब वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला से पैसे की मांग कर रहा है।

वीडियो वायरल न करने की बात कहकर आरोपी पूर्व में महिला से लाखों रुपए के गहने ले चुका है। इतने पर भी आरोपी नहीं मान रहा है। वह लगातार महिला पर पैसे देने का दबाव बना रहा है। महिला ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने में की थी पर कोई कार्रवाई न होने पर उसने कोर्ट में याचिका लगाई। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि नामजद आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 12 अवैध ठेली-पटरी जब्त

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत चार मूर्ति चौक से एक मूर्ति चौक तक लगीं करीब 12 अवैध ठेली-पटरी जब्त की गईं। प्राधिकरण द्वारा लगातार इसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है। प्राधिकरण के ओएसडी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अर्बन सर्विसेज विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई। वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में मैनेजर शुभांगी तिवारी और सहायक मैनेजर नरेश गुप्ता सहित विभाग की पूरी टीम शामिल रही।

# फ्रूटी के पेपर से स्ट्रॉ बनाने वाली कम्पनी में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग

## 15 गाड़ियां की मदद से आग पर पाया काबू

**ग्रेटर नोएडा। वकार सैफी।** थाना ईकोटेक 3 के क्षेत्र मे स्थित फरूटी के पेपर से स्ट्रॉ बनाने वाली कम्पनी में शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई, आग इतनी भीषण थी कि पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में आ गई, कंपनी का लाखों सामान जलकर राख खाक हो गया घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की मौके पर पहुंची 15 गाड़ियां की मदद से आग पर काबू पाया गया, इस अग्निकांड में कोई जनहानि नही हुई है।

बता द कि आग की लपटों में घिरी फेज-2 स्थित सी 124 उद्योग कैन्ट-2 फरूटी के पेपर से स्ट्रॉ बनाने वाली कम्पनी है। इस फैक्ट्री में तडके के करीब 3 बजे अचानक आग लग गई। कंपनी के गार्डो ने इसकी सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को दी। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाडिया भेजी गई।

फैक्ट्री बड़ी मात्रा में पेपर मौजूद होने के वजह से आग तेजी से फैलती चली गई और आग की भयावहता को देख कर 15 दमकल की और गाड़ियों को भेजा गया और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक यहा रखा लाखो का समान जलकर खाक हो गया।

सीएफओ का कहना है कि इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है प्रारंभिक जांच के अनुसार आग शार्ट सर्किट के कारण लगी फायर ब्रिगेड विभाग इस बात की भी आकलन कर रहा है इस हादसे में कुल कितना नुकसान हुआ है।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को हिरासत में लिया फिर छोड़ा

## सीजेआई के खिलाफ कथित रूप से की थी टिप्पणी, वीडियो की होगी फारेंसिक जांच

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-58 पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अजीत भारती को हिरासत में लिया। करीब डेढ़ घंटे की पूछताछ हुई। उसके बाद उसे जाने दिया गया। दरअसल उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई के खिलाफ कथित रूप से भड़काऊ टिप्पणी की थी।



बताया जा रहा है कि भारती ने अपने वीडियो में लोगों को न्यायपालिका के खिलाफ भड़काने वाली बातें कही थीं। अजीत भारती को हिरासत में लिए जाने की बात से मामला गरमा गया। लोगों ने इस मामले में अभिव्यक्ति की आजादी जैसे मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया।

दरअसल, चीफ जस्टिस पर सुप्रीम कोर्ट में एक सीनियर वकील के कथित तौर पर जूता उछाले जाने के बाद से माहौल गरमाया हुआ है। अजीत भारती ने इसी पर वीडियो बनाया था। इसी को लेकर मंगलवार की दोपहर नोएडा सेक्टर-58 थाना पुलिस अजीत भारती को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें सेक्टर-6 स्थित डीसीपी ऑफिस ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि उन्हें पहले केवल पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन बाद में मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच के लिए उच्च अधिकारियों के समक्ष पेश किया गया।

### क्या है पूरा मामला

सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में उस समय हंगामा मच गया था जब एक वकील ने जब सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की थी। इस घटना के बाद अजीत भारती ने अपने यूट्यूब चैनल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी की थी।

पुलिस का आरोप है कि उनकी इन टिप्पणियों में ऐसी बातें थीं, जो लोगों को न्यायपालिका के प्रति हिंसा या असंतोष के लिए उकसाती हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अजीत भारती के वीडियो की डिजिटल फोरेंसिक जांच कराई जा रही है।

### अभिव्यक्ति की आजादी पर छिड़ी बहस

इस मामले के बाद देशभर में अभिव्यक्ति की आज़ादी पर बहस छिड़ गई है। उनके समर्थकों का कहना है कि अजीत भारती एक 'राष्ट्रीयवादी आवाज़' हैं और उन्हें जल्द से जल्द रिहा किया जाए। वहीं, पुलिस इस पूरे मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इसकी गहन छानबीन कर रही है। पुलिस ने उनको छोड़ दिया है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन में जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में संचालित स्वच्छता अभियानों, सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति तथा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई व्यवस्था की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में कहा कि स्वच्छता मिशन प्रधानमंत्री की प्राथमिक योजनाओं में से एक है, अतः जनपद में इसकी प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी सार्वजनिक शौचालय निर्धारित समयानुसार खुले रहें तथा उनके द्वार पर खुलने-बंद होने का समय, केयरटेकर का नाम व मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारियों के माध्यम से सार्वजनिक शौचालयों का नियमित निरीक्षण कराया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी शौचालय मानक के अनुरूप संचालित हो रहे हैं। बैठक में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी पात्र लाभार्थियों तक शौचालय निर्माण की सुविधा समयबद्ध रूप से पहुंचाई जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि सभी पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक निर्धारित रोस्टर के अनुसार कार्य करें।

# डेंगू से नोएडा प्राधिकरण के एजीएम की मौत

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के संस्थागत विभाग में कार्यरत असिस्टेंट जनरल मैनेजर (एजीएम) आशीष भाटी का मंगलवार को निधन हो गया। वे प्रदेश के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ समाजसेवी हरीश चंद्र भाटी के पुत्र थे। बताया जा रहा है कि आशीष भाटी पिछले कई दिनों से डेंगू से पीड़ित थे और दिल्ली के सरिता विहार स्थित अपोलो अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

लगातार बिगड़ती हालत के चलते मंगलवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली।

आशीष भाटी के निधन की खबर ने पूरे नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। नोएडा प्राधिकरण के उनके सहयोगियों ने बताया कि आशीष भाटी अपने कार्य के प्रति समर्पित थे और उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में अहम भूमिका निभाई थी। अपने सौम्य स्वभाव और सहयोगी व्यवहार के कारण वे सभी के बीच बेहद लोकप्रिय थे।

डेंगू से हुई इस असामयिक मौत ने न केवल उनके परिवार बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक जगत को भी झकझोर कर रख दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आशीष भाटी हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहते थे और समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाते थे।

# किसान 29 को नोएडा प्राधिकरण पर धरना देंगे

## कहा- बोर्ड बैठकों में अब किसानों की समस्याओं पर चर्चा ही नहीं होती, अपना हक लेकर रहेंगे

नोएडा। भारतीय किसान यूनियन (मंच) ने शाहपुर गोवर्धनपुर सेक्टर 128 में मासिक बैठक की। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारी से कहा कि 29 अक्टूबर से नोएडा प्राधिकरण पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन रहेगा। जिसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। इसलिए पूरे उत्तर प्रदेश प्रदेश के अपने-अपने जिलों में सभी किसानों को जागरूक करें और भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचने का काम करें।



### बोर्ड में एक भी नहीं रखा एजेंडा

नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठकों में अब किसानों की समस्याओं पर चर्चा ही नहीं होती है। जिसका जीता जागता उदाहरण 3 अक्टूबर को की गई नोएडा की बोर्ड बैठक है। जिसमें नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की समस्या के समाधान के लिए एक भी मुद्दा पास नहीं किया, जिससे किसानों में भारी रोष है।

### समस्या को लेकर करेंगे प्रदर्शन

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने सभी पदाधिकारी से कहा कि किसानों का भविष्य आप लोगों के हाथ में है। आप किसानों के साथ जहां कहीं भी अन्याय और शोषण हो उसके खिलाफ बिना डरे हुए किसानों की समस्या की आवाज को बुलंद करने का कार्य करेंगे। ऐसी मुझे आप सभी पदाधिकारी से आशा और उम्मीद है। 29 अक्टूबर 2025 को नोएडा प्राधिकरण पर भारी संख्या में पहुंच कर नोएडा प्राधिकरण से पीड़ित किसानों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करें।

### टीम बनाकर होगा जन जागरण

भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि किसान यूनियन मंच का अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू होगा। जिसके लिए सभी गांव में अलग-अलग टीम बनाकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। भारी संख्या में नोएडा प्राधिकरण पहुंचकर अपने हक की आवाज को बुलंद किया जाएगा। 81 गांव के किसान अपना हक लेकर रहेंगे।

# राकियू ने यमुना प्राधिकरण पर लगाए गंभीर आरोप

## विकास के नाम पर क्षेत्र बर्बाद करने का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में राष्ट्रीय किसान यूनियन (राकियू) ने यमुना प्राधिकरण पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यूनियन ने मंगलवार को यमुना एक्सप्रेस-वे के फलैदा कट के पास आयोजित धरना प्रदर्शन में कहा कि प्राधिकरण विकास के नाम पर क्षेत्र को बर्बाद कर रहा है।

संगठन के अध्यक्ष बिजेंद्र भाटी और महासचिव शाहिद प्रधान ने आरोप लगाया कि जेवर के रबूपुरा क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण में अधिग्रहण कानून 2013 का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने अपने फायदे के लिए विभिन्न फसलों से लहलहाने वाले इस क्षेत्र को शहरी घोषित कर दिया है, ताकि किसानों को चार गुना मुआवजा न देना पड़े।

यूनियन ने यह भी बताया कि क्षेत्र से ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत जैसी ग्रामीण विकास की संस्थाएं समाप्त कर दी गई हैं। इससे ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए अब 45 से 55 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण सुनियोजित विकास के नाम पर भूमाफिया और बिल्डरों के साथ मिलकर क्षेत्र का विनाश कर रहा है। जिलाध्यक्ष इकपाल सिवाच ने कहा कि प्राधिकरण को किसानों के हित या जनसरोकार की कोई परवाह नहीं है, बल्कि वह पूंजीपतियों के लिए काम कर रहा है। किसानों ने बताया कि उन्होंने स्थानीय विधायक धीरेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहने पर एयरपोर्ट जैसी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीनें दी थीं। हालांकि, प्राधिकरण में बैठे लोग बिल्डरों के साथ मिलकर भूगर्भ जल का अवैध दोहन और मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं। विरोध करने पर किसानों के साथ पुलिस और निजी सुरक्षाकर्मियों द्वारा मारपीट की जाती है। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर जेवर एसडीएम अभय सिंह और एसडीएम न्यायिक दुर्गेश सिंह मौके पर पहुंचे। संगठन के लोगों और किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा, जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं का उल्लेख किया।

# ग्रेटर नोएडा में पीजी संचालकों के दो गुट भिड़े

**जेवर।** मंगलवार शाम को ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपरटेक अपकंट्री सोसायटी परिसर में अवैध पीजी संचालकों के दो गुटों में मारपीट हो गई। यह झगड़ा अवैध पीजी को लेकर की गई शिकायतों के कारण हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को हिरासत में लिया। सोसायटी निवासी लंबे समय से परिसर में चल रहे अवैध पीजी को लेकर शिकायतें कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अवैध पीजी में रहने वाले छात्रों के कारण सोसायटी का माहौल खराब हो रहा है। निवासियों का कहना है कि अवैध पीजी में रहने वाले छात्र शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं और अश्लीलता फैलाते हैं। उन्होंने अधिकारियों से पीजी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सुपरटेक अपकंट्री के पास दो विश्वविद्यालय स्थित हैं, जहां पीजी की कीमतें अधिक हैं। इसी कारण छात्र बाहर बने पीजी में रहना पसंद करते हैं। क्षेत्रीय लोगों ने इसका फायदा उठाते हुए सोसायटी में 20 से अधिक अवैध पीजी बना लिए हैं। मंगलवार शाम को पीजी संचालकों के दो गुटों में एक-दूसरे पर शिकायतें करने का आरोप लगाते हुए झगड़ा शुरू हो गया, जिसमें कुछ लोगों को चोटें भी आईं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## एक दिन की बी.डी.ओ बनी मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज दादरी की छात्रा गौरांगी

**गौतमबुद्ध नगर।** जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत दादरी ब्लॉक स्थित बीडीओ कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा गौरांगी को एक दिन की ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बी.डी.ओ) बनाया गया। गौरांगी ने कार्यभार संभालते ही कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए और ब्लॉक कार्यालय की कार्यप्रणाली से परिचित हुईं। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की ओर से वन स्टॉप सेंटर मैनेजर रिंकी रानी और हब टीम की डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर मीनाक्षी जी सहित ब्लॉक का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को सशक्त, आत्मविश्वासी और नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण बनाने हेतु ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

## नोएडा में टप्पेबाजी करने वाली 3 गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में टप्पेबाजी कर महिलाओं से कीमती सामान चोरी करने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 कान की टाप्स पीली धातु , एक लॉकेट पीली धातु , लाल सफेद मोती की माला और 9780 रुपए नकद बरामद किए गए है। इनके नाम कमल, दिलशेर और वाजिद हुई है। इनकी गिरफ्तारी सेक्टर-22 से की गई है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 5 अक्टूबर को पीड़िता मयूर विहार फेज-3 जाने के लिए 12/22 चौराहे पर खड़ी थी। इस दौरान तीन व्यक्ति पास आए और बोले आपके भाइयों में झगड़ा चल रहा है। अगर आप चाहती है सभी प्यार से रहे तो हम मंदिर में पूजा करवाकर सही करवा देंगे। उनकी बातों में आकर आई ब्लाक सेक्टर-22 के मंदिर उनके साथ चली गई। वहां उन्होंने मंत्र पढ़े और कहा कि आप अपनी ज्वैलरी उतारकर अपने पर्स में रख लो। तीनों ने मुझे बातों में फंसाया और पर्स लेकर चले गए। जब तक मै समझी तीनों वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। इन तीनों पर बुलंदशहर, नोएडा , मुजफ्फर नगर , खतौली में मुकदमे दर्ज है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ग्रेटर नोएडा में युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार शाम एक युवक ने दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना दनकौर रेलवे स्टेशन के पास हुई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस को मृतक की जेब से एक आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान मुकेश चंद्र शाह (33) के रूप में हुई। वह बिहार के रोहतास जिले के चरनाद का निवासी था। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह ग्रेटर नोएडा में रहकर नौकरी करता था। जीआरपी पुलिस के अनुसार, मंगलवार शाम दिल्ली से बिहार जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर युवक ने अपनी जान दे दी। ट्रेन के ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि युवक ट्रेन के आने से पहले ही काफी देर से ट्रैक पर खड़ा था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को फोन पर घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## सेल्फ डिफेंस कार्यशाला आयोजित, बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम बुद्ध नगर के निर्देशों के क्रम में बाल विकास विभाग द्वारा दनकौर स्थित परियोजना कार्यालय में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीडीपीओ संध्या सोनी तथा मुख्य सेविका किरण भारती ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आत्मरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स एवं व्यवहारिक डेमो प्रस्तुत किए। कार्यशाला में बताया गया कि आत्मरक्षा का ज्ञान होने से बालिकाएं किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकती हैं। साथ ही, आत्मरक्षा न आने की संभावित हानियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी क्यूआरकोड के माध्यम से प्रतिभागियों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। इसके अतिरिक्त, पोषण माह के अंतर्गत ईसीसीई (Early Child Care & Education) की अवधारणा को विस्तारपूर्वक समझाया गया। कार्यशाला में विकास एवं पहल पुस्तिका के प्रयोग और उससे होने वाले लाभों की जानकारी भी प्रदान की गई।

## यूपीसीडा के प्रबंधक हेमेंद्र प्रताप सिंह बर्खास्त

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) में प्रबंधक विद्युत यांत्रिक के पद पर तैनात रहे हेमेंद्र प्रताप सिंह को बर्खास्त कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से स्थानांतरण और कार्यमुक्त के बाद भी उन्होंने यूपीसीडा में कार्यभार नहीं संभाला। लगातार अनुपस्थित रहने, नियमों की अनदेखी और मनमानी करने पर मंगलवार को प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के अनुमोदन पर कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक शासन की ओर से 27 नवंबर 2020 को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से हेमेंद्र प्रताप सिंह का यूपीसीडा में स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था।प्राधिकरण ने एक दिसंबर 2020 को उन्हें कार्यमुक्त कर दिया, लेकिन यूपीसीडा में तत्काल कार्यभार संभालने के बजाय प्रबंधक विद्युत यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह 18 अप्रैल 2022 तक लगातार अनुपस्थित रहे। यही नहीं, हेमेंद्र प्रताप सिंह पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, चिकित्सा अवकाश के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत न करने, पर्याप्त आधार एवं संतोषप्रद स्पष्टीकरण के बिना अवकाश स्वीकृत कराए बिना गैरहाजिर रहने के गंभीर आरोप लगे थे।

## घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट के हल्दौना गांव में किराये के मकान में रहने वाली युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक महिला की शिकायत पर आरोपी आसिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। महिला का आरोप है कि आसिफ उसकी बेटी को आए दिन परेशान करता है। रास्ते में रोक कर छेड़छाड़ करता है। महिला ने बताया कि सोमवार को वह अपने काम पर गई थी। घर में उनकी बेटी अकेली थी। इसी बीच आरोपी आसिफ घर में घुस आया और बेटी के साथ छेड़छाड़ की।महिला घर पहुंची तो आरोपी उन्हें देखकर घर से भाग गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दूषित पेयजल पीने से 70 से अधिक और लोग बीमार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एसकेए दिव्या सोसाइटी में दूषित पेयजल की समस्या गहराती जा रही। दूषित पेयजल के सेवन से मंगलवार को सोसाइटी के 70 से अधित लोग बीमार हो गए। वहीं, अब तक 270 लोग बीमारी की चपेट में आ चुके। प्राधिकरण की टीम भी मंगलवार को जांच के लिए सोसाइटी पहुंच थी, टीम की जांच में रिपोर्ट में ई-कोलाई बैक्टीरिया पाया गया। सोसाइटी में रहने वाले लोगों ने बताया कि परिसर में 400 परिवार रहते हैं। सोसाइटी में करीब 15 दिनों से दूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। इसके कारण अब तक 270 लोग बीमारी की चपेट में आ चुके।दूषित पेयजल के सेवन से मंगलवार को भी सोसाइटी के 70 से अधित लोग बीमार हो गए। बीमार पड़े अधिकतर लोगों को उल्टी, पेट दर्द और डायरिया की शिकायत है। इतना ही नहीं लोगों को एक या दो दिन के लिए अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ रहा। वहीं, दूसरी तरफ सोसाइटी में रह रहे लोगों ने अब बाजार पेयजल खरीदने शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि अगर वह भी सोसाइटी में आपूर्ति किए जा रहे पेयजल का सेवन करने लगे तो वह भी बीमार हो जाएंगे।

# मरौरी ब्लॉक घोटाला विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की बेशर्म पटकथा

पीलीभीत। जनपद का मरौरी ब्लॉक इन दिनों सुर्खियों में है। कारण 2.74 करोड़ रुपये के टेंडर घोटाले का पर्दाफाश। विकास योजनाओं के नाम पर सरकारी धन की लूट का यह मामला केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि स्थानीय शासन व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सीधा सवाल खड़ा करता है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा सभी टेंडर रद्द किए जाने के आदेश इस बात का संकेत हैं कि प्रशासन अब लापरवाही और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है।

मरौरी ब्लॉक में जिस तरह टेंडर प्रक्रिया चुपचाप बरेली के अखबारों में प्रकाशित कर दी गई, वह अपने आप में पारदर्शिता की हत्या का उदाहरण है। यह कदम इस उद्देश्य से उठाया गया कि स्थानीय ठेकेदारों को जानकारी ही न मिले और कुछ चहेते लोगों को लाभ पहुंचाया जा सके। शासन द्वारा तय दिशा-निर्देशों की ऐसी खुलेआम अवहेलना केवल एक प्रशासनिक भूल नहीं, बल्कि एक सोचा-समझा षड्यंत्र प्रतीत होती है। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा और वीडीओ लियाकत अली पर लगे मिलीभगत के आरोप अब जांच के दायरे में हैं, लेकिन यह प्रश्न गंभीर है कि जब ऐसी प्रक्रिया चल रही थी तब उच्चाधिकारियों की निगरानी कहां थी? क्या यह संभव है कि 2.74 करोड़ के टेंडर में गड़बड़ी हो और विभागीय तंत्र को इसकी भनक तक न लगे?

### शिकायत से खुला भ्रष्टाचार का जाल जवाबदेही की मांग अब जनता की जुबान पर

इस पूरे प्रकरण का पर्दाफाश तब हुआ जब क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ठेकेदारों ने डीएम को लिखित शिकायत दी। यह बताता है कि जनता अब चुप नहीं बैठने वाली। जिस लोकतांत्रिक प्रणाली में नागरिक ही भ्रष्टाचार उजागर करने को मजबूर हो जाएं, वह प्रशासनिक चेतना पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। डीएम द्वारा तत्काल जांच समिति गठित कर कार्रवाई का आदेश देना प्रशंसनीय कदम है। परंतु अब जनता को केवल जांच नहीं, न्यायसंगत कार्रवाई की उम्मीद है। अगर इस मामले में केवल निचले स्तर के कुछ अधिकारियों पर ही कार्रवाई हुई और बड़े नाम बच निकले, तो यह कदम अधूरा रह जाएगा।



### विकास योजनाएं जनकल्याण या व्यक्तिगत लाभ का माध्यम?

मरौरी ब्लॉक का मामला कोई अपवाद नहीं है। प्रदेश के अनेक ब्लॉकों में यही प्रवृत्ति देखने को मिल रही है कि विकास कार्यों के नाम पर टेंडर प्रक्रिया 'अपनों को लाभ पहुंचाने' की परंपरा बन चुकी है। सड़क, नाली, भवन या जल संरक्षण योजनाएं सबमें कमीशनखोरी और फर्जी बिलों का बोलबाला है। विकास की अवधारणा तब ही सार्थक होगी जब उसके हर चरण में जनहित सर्वोपरि हो, न कि निजी स्वार्थ। जिस ब्लॉक का उद्देश्य ग्रामीण उन्नति है, वहीं अगर योजनाएं दलालों और भ्रष्ट तंत्र की कमाई का जरिया बन जाएं, तो यह पूरे लोकतंत्र की विफलता है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बयान निश्चय ही सशक्त है, पर अब समय इसकी व्यवहारिक परिणति का है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जनता को उम्मीद है कि कोई भी दोषी पद या प्रभाव के कारण नहीं बचेगा। विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि इस प्रकरण में कई और नाम सामने आ सकते हैं। जो इस 'टेंडर मैनेजमेंट सिंडिकेट' का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में यदि कार्रवाई आधी-अधूरी रही तो यह सख्त प्रशासनिक चेतावनी होने के बजाय 'औपचारिकता' बनकर रह जाएगी। मरौरी क्षेत्र के ग्रामीणों में इस घोटाले को लेकर गहरा आक्रोश है। वे मांग कर रहे हैं कि भविष्य के सभी टेंडरों की प्रक्रिया ऑनलाइन और सार्वजनिक की जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति किसी भी स्तर पर अनियमितता पर प्रश्न उठा सके। लोकतंत्र में जननिगरानी ही असली पारदर्शिता की गारंटी है। मरौरी ब्लॉक का यह मामला सिर्फ भ्रष्टाचार का एक उदाहरण नहीं, बल्कि इस बात का दर्पण है कि जब जवाबदेही कमजोर पड़ती है, तो विकास योजनाएं लूट की स्क्रिप्ट बन जाती हैं। जिलाधिकारी की सख्ती से उम्मीद जागी है कि अब इस व्यवस्था में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठेंगे। प्रशासन को चाहिए कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी हो ताकि जनता का विश्वास फिर से लौट सके। और यदि यह मामला भी कई अन्य घोटालों की तरह समय के गर्त में खो गया, तो यह केवल एक ब्लॉक नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की साख पर दाग साबित होगा।

यह घोटाला हमें यह सोचने पर विवश करता है कि 'विकास' की असली परिभाषा क्या हैं। योजनाओं का निर्माण या जनता के विश्वास का निर्माण? जब तक प्रशासनिक तंत्र ईमानदारी और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं देगा, तब तक कोई भी योजना अपने उद्देश्य तक नहीं पहुंच पाएगी।

# पौटा कलां का पंचायत घर बना छुट्टा जानवरों का अड्डा

## महीनों से बंद पड़ा पंचायत घर, सचिव और प्रधान की लापरवाही से जनता परेशान

**बरखेड़ा।** ब्लॉक ललौरीखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पौटा कलां में सरकारी योजनाओं की तस्वीर शर्मनाक हालात में है। गांव का पंचायत घर, जो जनता की सुविधा के लिए बनाया गया था, अब महीनों से बंद पड़ा हुआ है और घुमंतू तथा छुट्टा जानवरों का ठिकाना बन चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सचिव महीनों से गांव में दिखाई नहीं देतीं, जबकि ग्राम प्रधान किसी भी सरकारी कार्य के लिए सचिव नहीं आए हैं कहकर टालमटोल कर देते हैं। ग्रामीण अपने छोटे-बड़े कामों के लिए ब्लॉक मुख्यालय तक दौड़ लगाते हैं,






लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं होती। पंचायत भवन की दीवारों पर गंदगी जमी हुई है, चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं, और अंदर मवेशी खुलेआम घूमते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन के निर्माण का उद्देश्य यही था कि गांव के लोग अपने कार्य स्थानीय स्तर पर ही निपटा सकें, लेकिन अब यह भवन केवल कागज़ों में सक्रिय है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत घर को दोबारा कार्यशील बनाया जा सके और जनता को राहत मिल सके।

## सचिवालय में नहीं हो रहा कार्य, ग्रामीण दर-दर की ठोकर खाने को हो रहे मजबूर

**पूरनपुर।** एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीणों के लिए सरकारी योजनाओं के लाभ घर-घर पहुंचने के लिए गांव गांव सचिवालय का निर्माण करवाया गया। सचिवालय में एक पंचायत सहायक नियुक्त किया गया। जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। और सभी पंचायत विभाग के कार्य समय से पूर्ण हो सके, लेकिन जनपद के ब्लॉक पूरनपुर की अधिकाश ग्राम पंचायत में सचिवालय बनकर तैयार हो गया है। लेकिन यहां पर बैठने वाला कोई भी नहीं है। सचिवालय के अंदर सभी प्रकार की सुविधा उपस्थित हैं। अंदर पंखा हर वक्त चलता रहता है। गांव के कुछ जागरूक नागरिकों से सचिवालय के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि जब कभी विभाग की ओर से कोई विशेष काम होता है, तब ही सचिवालय को खोला जाता है। वैसे यहां पर कभी कोई बैठने नहीं आता है। यहां पर तैनात पंचायत सहायक के बारे में बताया कि ग्रामीणों का आरोप है कि चार पांच माह में एक दो बार पंचायत सहायक सचिवालय में आती हैं। और विभागीय लोगों को अवगत कराने के लिए केवल एक फोटो खींचते हैं, और अपने भाई या पिता के साथ तुरंत ही वापस चली जाती हैं। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है की पंचायत सहायक काम करना ही नहीं चाह रही है। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों का कहना है कि सचिवालय की व्यवस्था जल्द से जल्द ठीक नहीं कराई गई तो इसकी शिकायत जिला अधिकारी से संबंध में पंचायत सहायक करेंगे।

## 100 रुपए के लिए दोस्त को मार डाला

**जौनपुर।** जौनपुर में एक युवक ने 100 रुपए न देने पर दोस्त की पीट-पीट कर हत्या कर दी।भाभी छुड़ाती रही, लेकिन दोस्त पीटता रहा। उसके सिर पर पैर रखकर घूसे मारता रहा। भाभी ने चिल्लाकर घरवाले और पड़ोसियों को बुलाया। उनको देखकर आरोपी फरार हो गया। अधमरी हालत में परिवार के लोग सीएचसी ले गए। लेकिन डॉक्टर्स ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई। दरअसल, आरोपी ने अपने दोस्त को शराब खरीदकर लाने के लिए पैसे दिए थे, लेकिन वह लेकर नहीं आया। पैसे वापस मांगे तो गाली-गलौज हो गई। रात में अचानक आरोपी दोस्त उसके घर पहुंचा था, दिन का बदला निकालते हुए दोस्त को पीटकर मार डाला। घटना सोमवार देर रात की केराकत कोतवाली के पसेवा गांव की है। पुलिस ने मंगलवार सुबह आरोपी दोस्त को अरेस्ट कर लिया। अरविंद चौहान (38), पसेवा गांव में ही रहकर खेती बाड़ी करता था। अरविंद की शादी 14 साल पहले पराउगंज की गुड़िया से हुई थी। चार भाईयों में तीसरे नंबर के अरविंद के दोनों बड़े भाई विनोद और प्रमोद गुजरात में रहते हैं, जबकि सबसे छोटा प्रवीण दुबई में काम करता है। अरविंद-गुड़िया के तीन बच्चे- अर्जुन (12), अमृत (8) और कृष्ण (5) हैं। गांव के लोगों के अनुसार, अरविंद चौहान की गांव के ही मुकेश के साथ गहरी दोस्ती थी। दोनों साथ-साथ ही रहते थे। कहीं आते-जाते भी साथ ही थे। कुछ दिनों पहले अरविंद का पैर फ्रैक्चर हो गया था।

## आगरा में मूर्ति विसर्जन में डूबी सभी 12 लाश मिली

**आगरा।** आगरा के खेरागढ़ में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान 2 अक्टूबर को हादसा हो गया था। यहां ऊटंगन नदी में 13 लोग डूब गए थे। इनमें से 4 लोगों की डेडबॉडी छठवें दिन मंगलवार को निकाली गई। 8 लोगों की लाश पहले ही नदी से निकाली जा चुकी है। 1 युवक जिंदा बच गया था, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम बचे 1 युवक को तलाश रही है। 250 मीटर के क्षेत्र में नदी के पानी का बहाव रोकने के लिए लोगों ने रात-दिन की मेहनत से 40 मीटर लंबा अस्थायी बांध बनाया है।

# जल जीवन मिशन की लापरवाही से कबूलपुर प्यासा पांच साल बाद भी नहीं बनी पानी की टंकी

## फटी पाइपलाइनें, खुले वाल्व चेंबर और अधूरी सड़कें ग्राम पंचायत कबूलपुर में योजनाओं का बुरा हाल

**बरखेड़ा।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कबूलपुर में बुरी तरह उजागर हो रही है। गांव में पांच साल पहले शुरू हुई पानी की टंकी आज तक अधूरी पड़ी है। स्थानीय क्षेत्र पंचायत सदस्य आकाश कुमार शर्मा ने इस गंभीर समस्या पर आवाज उठाते हुए जल जीवन मिशन के उप निदेशक राघवेंद्र कुमार द्विवेदी को एक विस्तृत पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकी अधूरी है, पाइपलाइनें जगह-जगह फटी पड़ी हैं, वाल्व चेंबर खुले हैं जिनसे कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, और सड़कों की मरम्मत घटिया सामग्री से की गई है।

आकाश शर्मा ने बताया कि यह मामला कई बार ब्लॉक और जिला स्तर की बैठकों में उठाया जा चुका है। अधिकारियों ने छह महीने का समय मांगा था, लेकिन अब पांच साल बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे ताकि ग्रामीण बीमारियों से मुक्त रह सकें, लेकिन कबूलपुर में योजना सिर्फ़ कागज़ों में सिमटकर रह गई है।

ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे कई लोग बीमार हो चुके हैं। आकाश शर्मा ने सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि कबूलपुर के ग्रामीणों को जल्द स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।

# कार्यशाला आयोजित कर बताए महिलाओं के अधिकार

विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** जिले के महरुआ थाना क्षेत्रअंतर्गत ग्राम सभा जैतूपुर महिला सशक्तिकरण को विशेष बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को किया गया जागरूक तथा महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर के दिशा निर्देश पर आज दिनांक 7 अक्टूबर दिन मंगलवार को महिला शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्तिकरण के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर के विषय में विशेष जानकारी देते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिलाओं की सुरक्षा के तहत चलाए गए सरकारी




नंबरों की जानकारी हासिल कराते हुए जैतुपुर गांव में महिलाओं के साथ लगाई गई चौपाल जिसमें ग्राम प्रधान राधेश्याम दुबे तथा सैकड़ो महिलाएं चौपाल में शामिल रही तथा उप निरीक्षक सुधीर कुमार त्रिपाठी महिला हेड कांस्टेबल दीक्षा सिंह तथा हेड कांस्टेबल नितिन सिपाही द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर तथा महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर होने के लिए विशेष जानकारी दी गई और महिलाओं से अपील किया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही गाइडलाइंस पर आप लोग विशेष ध्यान दें आपकी सुरक्षा में पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा।

## आगरा में दिवाली से पहले पार्सल चोर गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा के थाना सिकंदरा पुलिस टीम ने डिलीवरी कंपनी में पार्सल की चोरी करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 36 पैकेट जूते और चप्पल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया- डिलीवरी कंपनी के सुपरवाइजर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके डिलीवरी बॉय नितिन ने 73 पैकेट में से केवल 29 पैकेट ही डिलीवर किए और बाकी पैकेट गायब कर दिए। इस मामले में थाना सिकंदरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नितिन और उसके साथी सुमित को गिरफ्तार किया।

## बासी चावल देने पर ससुर ने बहू को मारी गोली

**कानपुर।** कानपुर के गुजैनी में खाने में बासी चावल परोसने से गुस्साए नशे में धुत ससुर ने राइफल से बहू पर फायर झोंक दिया। पैर और चेहरे में छर्रे लगने से बहू घायल हो गई। बेटे ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बहू को हैलट में भर्ती कराया। हालांकि परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया। मर्दनपुर गांव निवासी सिक्योरिटी गार्ड नंदलाल तिवारी बड़े बेटे सोमदत्त और बहू आराधना के साथ रहता है, जबकि उसकी पत्नी छोटे बेटे के साथ पुखरायां में रहती है। गुजैनी थाना प्रभारी अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि सोमवार रात नंदलाल नशे में धुत होकर घर पहुंचा। खाना मांगने पर बहू आराधना ने थाली परोस कर उसे दे दी। जिसमें सुबह के चावला रखे देख नंदलाल का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा और वह गाली-गलौज कर बहू को जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद पास रखी लाइसेंसी बंदूक उठाकर उस पर फायर झोंक दिया। आराधना चीखते हुए वहां से जान बचाकर भागी तो बंदूक से चली गोली के छर्रे उसके दाहिने पैर की जांघ और एक छर्रा चेहरे पर जा लगी। बहू ने किसी तरह कमरे में खुद को बंद कर जान बचाई। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे बेटे ने डॉयल 112 को सूचना दी। पुलिस ने घायल अवस्था में आराधना को हैलट में भर्ती कराया। चावल परोसने में गोली मारने का आरोप लगाने वाली बहू ने इसे हादसा बताते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने से इंकार कर दिया।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन

विशाल इंडिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** उप जिलाधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर तहसीलदार भीटी राज कपूर तथा नायब तहसीलदार भीटी कौशलेंद्र मिश्र के नेतृत्व में दिलावलपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्री वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार भीटी कौशलेंद्र मिश्रा ने बताया कि श्री राम हर व्यक्ति हर धर्म के प्रेरणा स्त्रोत हैं, श्री राम के जीवन से हम सभी को प्रेरणा मिलती हैं, त्याग बलिदान राजनीति के व्यवहार पारिवारिक संबंध श्री राम जी के चरित्र में सभी समाहित हैं।उनके परम भक्त परम सेवक श्री हनुमान जी हमको निर्भीकता निडरता स्वावलंबन की शिक्षा देते हैं।कुल मिलाकर रामायण हमें और हमारे जीवन को सर्वांगीण रुप से शुद्ध और संस्कार वान बनती है, आधुनिक परिवेश में भी रामायण हमको जीवन जीने की कला सिखाती है। एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने इतने सुंदर आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# फांसी लगाकर खत्म की जीवन लीला, परिवार में मातम

विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पाती मनसापुर कुट्टी क्षेत्र के तुलसीराम पुत्र रामदुलार उम्र लगभग 32 वर्ष द्वारा सोमवार की रात लगभग 4: 00 बजे नीम के पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या मृतक के दो पुत्री बताई जा रही है एक की उम्र लगभग 7 वर्ष और दूसरी की 5 वर्ष बताई गई तथा महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर को रात में ही फोन कर घर वालों द्वारा बताया गया कि तुलसीराम सोमवार की रात से ही गायब थे जिसे काफी खोज बिन करने के बाद घर के पीछे नीम के पेड़ से फंदे से लटकता हुआ मृतक का शव पाया गया।

जिसकी सूचना तत्काल महरुआ थाना अध्यक्ष को दी गई सूचना पाते ही तत्काल महरुआ थाना अध्यक्ष यादवेंद्र सोनकर अपने हम राही सिपहियो के साथ तत्काल मृतक के गांव पाती मनसापुर घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल करते हुए शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा करवाते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भिजवाया गया।



वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मृतक व्यक्ति तुलसीराम हरिजन मंदबुद्धि व्यक्ति था तथा घरवालों द्वारा अभी खबर लिखे जाने तक किसी के खिलाफ कोई तहरीर महरुआ थाने पर नहीं दी गई है लेकिन पूछे जाने पर महरुआ थाना अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि घटना की जानकारी पुलिस अपने हिसाब से कर रही है लेकिन प्रथम दृष्ट मामला आत्महत्या का ही प्रतीक होता है बाकी घटना की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा।

# शार्ट न्यूज

## तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 06.10.2025 की रात्रि नौर ककडारी नहर की पुलिया के पास से थाना तालबेहट पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को 01 नाजायज तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित बरामद कर गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त के विरूद्ध सुसंगत धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्र. नि. मनोज मिश्रा उ. नि. मानवेन्द्र सिंह परमार चौकी प्रभारी तेरई फाटक का. रोहित सिंह का. पुष्पेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

## छात्र छात्राओं को किया जागरुक



**ललितपुर।** उ0प्र0 शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा व स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीम/मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड, बाजार व पार्कों में महिलाओं/छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में व कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 – वूमेन पावर लाइन 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 -चाइल्ड हेल्पलाइन 181 -महिला हेल्पलाइन 112 -पुलिस आपातकालीन सेवा 102 -स्वास्थ्य सेवा 108 -एंबुलेंस सेवा साइबर हेल्पलाइन नंबर -1930 के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया और बालिकाओं व महिलाओं से सम्बंधित हो रहे विभिन्न प्रकार के अपराधों के विरुद्ध सुरक्षा/सतर्कता के उपाय बताया गया तथा उनके खिलाफ आवाज उठाने हेतु अपील की गई।

## कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च

**लखनऊ।** कांग्रेस ने रायबरेली में हुई दलित युवक की हत्या के विरोध में मंगलवार को लखनऊ में कैंडल मार्च निकाला। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा- रायबरेली की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। एक दलित को पीट पीटकर मार देना शर्मनाक है। यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता शाम को कांग्रेस कार्यालय से हाथों में मोमबत्ती और तिरंगा झंडा लेकर निकले। उन्होंने- जस्टिस फॉर हरिओम वाल्मीकि, दलितों को न्याय दो का नारा लगाया। यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा- जिस प्रकार से रायबरेली में वाल्मीकि समाज के एक दलित युवक की हत्या की गई। यह बेहद शर्मनाक घटना है। उसकी हत्या सिर्फ इसलिए की गई क्योंकि वह दलित समाज से आता है। उन्होंने कहा- प्रदेश में कानून व्यवस्था बदतर है। लोगों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। इसको गंभीरता से लेते हुए जो दलित विरोधी घटनाएं हैं। इस पर रोक लगनी चाहिए। पहले भी ऐसी घटनाएं हुई हैं। मगर दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## नकली खाद फैक्ट्री पर छापा, 5 लोग गिरफ्तार

**कौशांबी।** कौशांबी में मंगलवार की शाम को जिला कृषि अधिकारी और उप जिला कृषि अधिकारी ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर पालिका परिषद भरवारी के असदउल्लापुर रोही गांव में नकली खाद बनाने वाले गोदाम में छापेमारी की। इस कार्रवाई में राजस्व निरीक्षक और भरवारी चौकी पुलिस की टीम भी शामिल रही। कृषि विभाग की टीम ने मौके से तीन कुंतल नमक, नकली खाद बनाने में प्रयुक्त रसायन, डीएपी खाद की नई बोरियां, कुछ भरी हुई डीएपी की बोरियां और 60 बोरी नकली पोटाश बरामद की। छापेमारी के दौरान गोदाम में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से पांच मजदूरों को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि यह फैक्ट्री भगवान दास केसरवानी और उनके पुत्र नितिन केसरवानी द्वारा किराए के कमरे में चलाई जा रही थी। जिला कृषि अधिकारी सुरुचि विश्वकर्मा ने बताया कि छापेमारी का उद्देश्य नकली पोटाश निर्माण का पता लगाना था।

## प्रयागराज में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

प्रयागराज (इलाहाबाद)। प्रयागराज के मऊआइमा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम तकरीबन 7: 30 बजे शाम एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना अमानगंज डिवाइडर, कंचनपुर चौराहे से पहले हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक बाइक से इलाहाबाद से प्रतापगढ़ लौट रहे थे। अमानगंज डिवाइडर के पास यू-टर्न लेते समय एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने मृतकों की पहचान मानी गांव निवासी राम मूरत पुत्र कनेसर प्रसाद और सप्पू पुत्र खालील अहमद के रूप में की है। मऊआइमा पुलिस को सूचना मिलने पर वह तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों की शिनाख्त की पुष्टि कर परिजनों को सूचित किया। शवों को एंबुलेंस के माध्यम से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## युवक का फंदे से लटका मिला शव

**महराजगंज।** महाराजगंज के नौतनवा स्थित नवीन मंडी समिति के पास एक 30 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर नौतनवा चौकी प्रभारी छोटेलाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार, शव की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मौत चार से पांच दिन पहले हुई है। चौकी प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि शव पूरी तरह सड़-गल चुका है और शरीर सूज गया है, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। प्रारंभिक जानकारी में युवक को नेपाली बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना फॉरेंसिक टीम को दे दी गई है, जो मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है और आसपास के क्षेत्रों में भी इसकी जानकारी दी जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह आत्महत्या का मामला है या इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है।

## आम सूचना

मेरा नाम अमरपाल बुंदेला है, मेरी पुत्री का नाम आकांक्षा बुंदेला है व मेरी पत्नी का नाम हर्ष बुंदेला है। उसमें भूल बस मेरा नाम, अमरपाल सिंह, मेरी पुत्री का नाम आकांक्षा बुंदेला व मेरी पत्नी का नाम हर्ष राजा दर्ज हो गया है जबकि मेरा नाम अमरपाल बुंदेला है। भविष्य में मुझे अमरपाल बुंदेला के नाम से जाना पहचाना जाए व मेरी पुत्री को आकांक्षा बुंदेला के नाम से जाना पहचाना जाए। अंक पत्र में अमरपाल बुंदेला अंकित किया जाए।

*निवासी ग्राम डोगरा कलां तहसील पाली जिला ललितपुर*

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी शटडाउन से परमाणु हथियारों की सुरक्षा भी प्रभावित

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी शटडाउन के कारण देश में परमाणु हथियारों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है। ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा प्रशासन (एनएनएसए) के पास परमाणु हथियारों की सुरक्षा व रख-रखाव के लिए सिर्फ चंद दिनों का धन बचा है। राइट ने फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार में गुरुवार को कहा, आठ और दिनों के लिए फंड बचा है। इसके बाद हमें देश को खतरे में डालते हुए आपातकालीन शटडाउन प्रक्रिया को अपनाना पड़ेगा। इस साल की शुरुआत में संघीय कटौती से पहले एनएनएसए के पास करीब 65 हजार कर्मचारी थे। इनमें संघीय कर्मचारियों के अलावा निविदा पर रखे गए कर्मी शामिल थे। हालिया शटडाउन योजना में ऊर्जा विभाग ने कहा था कि वह एनएनएसए के हथियार-केंद्रित कर्मचारियों को बनाए रखेगा जो महत्वपूर्ण नियंत्रण संचालन प्रणालियों को चलाते हैं। विभाग उन कर्मचारियों को भी बनाए रखेगा जो परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने जैसे कार्यों पर काम करते हैं। माना जा रहा है कि ऊर्जा विभाग के 60 प्रतिशत कर्मचारियों को बिना वेतन छुट्टी पर भेजा जा सकता है।

### फलस्तीन समर्थकों के प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाएगा ब्रिटेन

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन, बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। सरकार ने रविवार को कहा कि लगातार होने वाले विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए अब पुलिस को और अधिकार मिलेंगे। इससे उसे मार्च और प्रदर्शनों पर शर्तें लगाते समय प्रदर्शनों के समग्र प्रभाव पर विचार करने का मौका मिलेगा। यह फैसला राजधानी लंदन में प्रतिबंधित समूह फलस्तीनी एक्शन के समर्थन में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग 500 लोगों की गिरफ्तार के बाद लिया गया है।

### टीटीपी आतंकियों व शांति समिति सदस्यों के बीच झड़प, दो की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों और शांति समिति के सदस्यों के बीच झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को टैंक जिले में गुल इमाम में हुई। झड़प में कई घालय भी हुए हैं।?मृतकों में एक पैदल यात्री भी शामिल है। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी है।

### पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने की अफगान मौलवी की हत्या

**पेशावर , एजेंसी।** पाकिस्तान के पेशावर में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक अफगान मौलवी की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना ऐसे समय में हुई, जब अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान में निर्वासन और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मृतक की पहचान पक्तिया प्रांत के अफगान इमाम आदम खान के रूप में हुई। खान पर रजा खान मरियमजई मस्जिद के पास हमला हुआ और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### अमेरिका : आईसीई प्रदर्शनकारियों ने महिला को गोली मारी, गंभीर

**शिकागो, एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो में कानून प्रवर्तन अधिकारी के वाहन को टक्कर मारने पर संघीय एजेंटों ने एक महिला को गोली मारकर घायल कर दिया। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना बढ़ते आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विरोधी प्रदर्शन और ट्रंप सरकार की ओर से डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले शहरों में अशांति को कम करने के प्रयासों के बीच हुई। संघीय एजेंटों का दावा है 10 कारों ने मिलकर अधिकारियों को घेर लिया था। इनमें एक कार के चालक के पास अर्ध-स्वचालित हथियार था, इसलिए उन्हें आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी।

### रूस ने पाक को लड़ाकू विमान के इंजन बेचने के दावे को किया खारिज

**मास्को, एजेंसी।** रूस ने पाकिस्तान के जेएफ-17 थंडर ब्लॉक-3 लड़ाकू विमानों के लिए आरडी-93एमए इंजन आपूर्ति करने के दावों को खारिज किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रूस ने पाकिस्तान को इन इंजनों की आपूर्ति करने का फैसला किया है। रूस ने कहा कि वह पाकिस्तान के साथ ऐसा कोई करार नहीं करेगा, जिससे भारत को असुविधा हो। मीडिया रिपोर्ट में एक रूसी सूत्र के हवाले से कहा गया है कि मॉस्को ने इस तरह की किसी भी सौदे की पुष्टि नहीं की है। सूत्र ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत और रूस के बीच मजबूत और दीर्घकालिक सहयोग में दरार डालने की कोशिश है।

# माउंट एवरेस्ट पर आया बर्फीला तूफान

## फंस गए 1 हजार से ज्यादा लोग, ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा



**ल्हासा, एजेंसी।** माउंट एवरेस्ट इलाके में भयंकर बर्फीले तूफान की वजह से कम से कम 1 हजार लोग फंस गए हैं। रविवार को उन्हें बचाने के लिए युद्धस्तर पर अभियान शुरू किया गया है। करीब 4,900 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित इस क्षेत्र में बर्फबारी के कारण रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं, जिन्हें हटाने के लिए सैकड़ों स्थानीय ग्रामीणों और बचाव दल को तैनात किया गया है। बीबीसी ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि कुछ पर्यटकों को पहले ही बचा लिया गया है।बर्फबारी का यह दौर शुक्रवार शाम से शुरू हुआ और तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के पूर्वी हिस्से में और तेज हो गया। यह इलाका पर्वतारोहियों के बीच काफी लोकप्रिय है।जानकारी के मुताबिक करीब 350 ट्रेकर सुरक्षित कुदांग पहुंच गए हैं। वहीं 200 लोगों के साथ संपर्क स्थापित हो गया है। चीन की मीडिया ने कुछ वीडियो जारी की हैं जिनमें देखा जा सकता है कि घुटनों तक जमी बर्फ में रास्ता बनाकर ट्रेकर किसी तरह आगे बढ़ रहे हैं।

बता दें कि अक्टूबर के महीने में इस तरह के बर्फीले तूफान की किसी को उम्मीद नहीं थी। रॉयटर्स ने एक ट्रेकर के हवाले से बताया, यहां बहुत ज्यादा ठंड है और हाइपोथर्मिया का खतरा है। गाइड्स का भी कहना है कि इस महीने में कभी ऐसा मौसम नहीं होता था। माउंट एवरेस्ट दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है, जिसकी ऊंचाई 8,849 मीटर से अधिक है, और इसे चीन में माउंट कोमोलांगमा कहा जाता है। अक्टूबर के महीने में यहां सबसे ज्यादा पर्यटक और ट्रेकर पहुंचते हैं क्योंकि इस दौरान आम तौर पर आसमान साफ रहता है और मॉनसून भी लौट जाता है। चीन में आठ दिन के नेशनल डे दौरान छुट्टियों के चलते इस बार ट्रेकर की संख्या काफी बढ़ गई थी। बता दें कि हिमालयी क्षेत्रों में बारिश भी तबाही मचा रह है। नेपाल में ही बाढ़ और भूस्खलन में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

### नेपाल में भी प्राकृतिक आपदा

एवरेस्ट के पड़ोसी देश नेपाल में भारी बारिश से भूस्खलन और अचानक बाढ़ आई, जिससे अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है।

### चीन में टाइफून माटमो का असर

इस बीच टाइफून माटमो, जो 2025 के प्रशांत क्षेत्र का 21वां नामित तूफान है, रविवार को दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के ज़हानजियांग शहर में तट पर पहुंचा। स्थानीय सरकारों ने 347,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया। माटमो की अधिकतम गति 151 किलोमीटर प्रति घंटे तक दर्ज की गई।

### एवरेस्ट और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा

माउंट एवरेस्ट, जिसे चीन में कुमोलांग्मा पर्वत कहा जाता है, दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है, जिसकी ऊंचाई 8,849 मीटर से अधिक है। हर साल कई पर्वतारोही यहां चढ़ाई के लिए आते हैं, लेकिन चरम मौसम और प्राकृतिक आपदाओं के कारण यह क्षेत्र हमेशा जोखिमपूर्ण रहता है।

# महिला ने अपने चार बच्चों पर चला दी गोली, फिर पुलिस को लगा दिया फोन, दो की मौत



**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक महिला ने कथित तौर पर अपने चार बच्चों पर गोलियां चला दीं, जिससे दो बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। ब्रेजोरिया काउंटी के शेरिफ बो स्टालमैन ने पत्रकारों को बताया कि उस 31 वर्षीय महिला पर हत्या और घातक हथियार से गंभीर हमले के दो-दो मामले दर्ज किए गए हैं और उसे 1.4 डॉलर के बॉन्ड पर हिरासत में लिया गया है। स्टालमैन ने कहा कि चार बच्चों में से दो की उम्र 13 और 4 साल थी, जो शनिवार को एक वाहन के अंदर गोली लगने से मारे गए। अन्य बच्चों की उम्र 8 और 9 साल है, जिन्हें एक मेडिकल हेलीकॉप्टर द्वारा ह्यूस्टन क्षेत्र के एक अस्पताल में ले जाया गया है और उनकी हालत स्थिर है। स्टालमैन ने बताया कि गोली चलाने के बाद महिला ने पुलिस को सूचित करने के लिए कॉल किया था।

अधिकारियों ने घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया है। स्टालमैन ने कहा, इस तरह की संवेदनहीन त्रासदी को समझना असंभव है लेकिन हम इन बच्चों को न्याय दिलाने के लिए वह सब करेंगे जो हम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला ह्यूस्टन के उत्तर में स्थित मोंटगोमरी काउंटी की निवासी है। यह घटना एंगलटन में हुई, जो लगभग 19,500 की आबादी वाला एक शहर है। यह ह्यूस्टन से लगभग 45 मील (70 किलोमीटर) दक्षिण में स्थित है।

# ट्रंप ने पुतिन के न्यू स्टार्ट संधि के प्रस्ताव पर जताई खुशी, बोले- सुनकर अच्छा लगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस और अमेरिका के रिश्तों में खटास आई हुई है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के न्यू स्टार्ट संधि के प्रस्ताव पर खुशी जताई और कहा कि न्यू स्टार्ट संधि एक अच्छी पहल है। व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए डोनाल्ड ट्रंप से जब न्यू स्टार्ट संधि को लेकर पुतिन के बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि सुनकर अच्छा लग रहा है। ये अच्छा विचार है।

### न्यू स्टार्ट संधि को जारी रखने पर दिया जोर :

दरअसल बीती 22 सितंबर को रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी सिक्योरिटी काउंसिल की बैठक में कहा कि रूस न्यू स्टार्ट संधि के तहत तय प्रतिबंधों का अगले एक साल के लिए और पालन जारी रखने के लिए तैयार है। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि यह तभी संभव होगा, जब अमेरिका भी इसका पालन जारी रखे।

दोनों देशों के बीच परमाणु हथियारों को लेकर हुई यह संधि अगले साल फरवरी में समाप्त होने वाली है। रूस की सरकार ने कहा है कि वे यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि रूस की सुरक्षा चिंताओं का समाधान होना चाहिए। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई



लावारोव ने भी बीती 27 सितंबर को अपने एक बयान में भी यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर चर्चा की बात कही।

### यूक्रेन संघर्ष रोकने के लिए बातचीत के लिए तैयार :

लावारोव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन लगातार जोर दे रहे हैं कि रूस संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत के लिए तैयार है। हालांकि रूस की सुरक्षा अहम है और उसकी चिंताओं को दूर किया जाना चाहिए। साथ ही रूस और रूसी भाषा बोलने वाले लोगों को अधिकारों को भी सुरक्षित किया जाना चाहिए। इसके आधार पर हम यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। न्यू स्टार्ट संधि रूस और अमेरिका के बीच परमाणु हथियार नियंत्रण के उद्देश्य से की गई संधि है। यह संधि, अमेरिका और रूस द्वारा तैनात किए जाने वाले सामरिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती है। साल 2010 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और तत्कालीन रूसी समकक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए थे।

यह संधि फरवरी 2011 में लागू हुई और साल 2021 में इसे पांच साल के लिए बढ़ाया गया। इस समझौते के तहत अमेरिका और रूस निम्न बातों को मानने के लिए प्रतिबद्ध हैं- 1,550 से ज्यादा सामरिक परमाणु हथियार और अधिकतम 700 लंबी दूरी की मिसाइलें और बमवर्षक तैनात नहीं किए जाएंगे। 800 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों से ज्यादा की तैनाती नहीं की जाएगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि दूसरे पक्ष ने संधि की सीमाओं का उल्लंघन नहीं किया है, दोनों पक्ष हर साल सामरिक परमाणु हथियार स्थलों का अधिकतम 18 बार निरीक्षण कर सकते हैं। कोविड महामारी के कारण मार्च 2020 में समझौते के तहत निरीक्षण रोक दिए गए थे।

निरीक्षण फिर से शुरू करने पर मास्को और वाशिंगटन के बीच पिछले नवंबर में मिस्र में वार्ता होनी थी, लेकिन रूस ने इसे स्थगित कर दिया और दोनों पक्षों ने कोई नई तारीख तय नहीं की है।

# एक महीने में पांचवीं बार अमेरिका ने वेनेजुएला की नौका को बनाया निशाना

## रूस की चेतावनी- इससे तनाव बढ़ेगा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की एक और नौका को वेनेजुएला के तट पर निशाना बनाया है। पहले से ही अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव है और ताजा हमले के बाद यह तनाव और बढ़ गया है। यह अमेरिका का वेनेजुएला की नौकाओं को निशाना बनाकर एक महीने में किया गया पांचवां हमला है। अमेरिका का दावा है कि जिन नौकाओं को निशाना बनाया गया, उससे ड्रग तस्करी हो रही थी।

**शुक्रवार को भी अमेरिका ने वेनेजुएला की नौका को बनाया था निशाना :** रविवार को नोर्फ्लोक नेवल स्टेशन पर मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि शनिवार को वेनेजुएला की एक और नौका को निशाना बनाया गया है। ट्रंप ने कहा हाल के हफ्तों में नेवी ने नशा तस्कर आतंकियों के खिलाफ हमारे अभियान में मदद की है और बीती रात भी एक नौका को निशाना बनाया गया। जिसके बाद हमें समुद्र में उनकी कोई नौका नहीं दिख रही है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने शुक्रवार को भी वेनेजुएला की एक नौका को निशाना बनाया था, जिसमें चार लोग मारे गए थे। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को हमले की बात कही। ऐसे में ये साफ नहीं हो पाया कि शनिवार को अमेरिका ने नया हमला किया या राष्ट्रपति ट्रंप शुक्रवार के हमले का ही जिक्र कर रहे थे और गलती से शनिवार बोल गए।

**रूस ने दी चेतावनी :** अमेरिका का दावा है कि वे वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की नौकाओं को निशाना बना रहा है। हालांकि अमेरिका ने अभी तक अपने दावे के पक्ष में कोई सबूत नहीं दिया है। वहीं रूस ने अमेरिका के वेनेजुएला की नौकाओं पर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए जा रहे हमलों की निंदा की है। रूस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी हमलों से कैरेबियाई क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। रूस के विदेश मंत्री ने वेनेजुएला के विदेश मंत्री से रविवार को टेलीफोन पर बात भी की और अमेरिकी हमलों की निंदा की। रूस ने वेनेजुएला के नेतृत्व और वेनेजुएला को लोगों को मौजूदा परिस्थिति में पूरा समर्थन देने की बात कही।

**अमेरिका ने कैरेबियाई क्षेत्र में तैनात किए युद्धपोत :** अमेरिका के हमलों में वेनेजुएला के 15 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इन हमलों के चलते अमेरिका और वेनेजुएला में तनाव बढ़ गया है।

वेनेजुएला ने अमेरिकी हमलों को वेनेजुएला के खिलाफ अघोषित युद्ध करार दिया है। अमेरिका ने भी कैरेबियाई क्षेत्र में अपने कई युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। साथ ही लड़ाकू विमानों से भी निगरानी की जा रही है। वेनेजुएला ने भी अपने स्तर पर संभावित संघर्ष की तैयारी शुरू कर दी है।

# अमेरिका के पिट्सबर्ग में भारतीय मूल के शख्स की गोली मारकर हत्या

## हमलावर से पूछा था- क्या तुम ठीक हो

**पिट्सबर्ग, एजेंसी।** अमेरिका के पिट्सबर्ग में एक भारतीय मूल के शख्स राकेश एहागाबन (50) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शख्स एक मोटल का मालिक था। घटना शुक्रवार दोपहर की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, मोटल के पार्किंग लॉट में एक विवाद हुआ था, जिसके बाद हंगामा शुरू हुआ। इसे सुनकर राकेश बाहर आया। पुलिस के मुताबिक, राकेश दो लोगों के बीच झगड़ा सुलझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी 37 साल के स्टैनली यूजीन वेस्ट ने राकेश को सिर में गोली मार दी।

जब वेस्ट का झगड़ा हुआ तब राकेश उसके पास गए और पूछा कि क्या तुम ठीक हो, दोस्त? इसके तुरंत बाद वेस्ट ने राकेश के सिर में गोली




मार दी। राकेश घटना स्थल पर ही मृत पाए गए। घटना से पहले, वेस्ट ने मोटल के बाहर एक महिला को गोली मारी थी।

पुलिस ने बताया कि हमलावर पर हत्या, हत्या का प्रयास और दूसरे व्यक्ति की जान को खतरे में डालने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि मोटल मालिक की हत्या के बाद वेस्ट बड़ी बेपरवाही से पास खड़ी एक -Haul वैन तक गया और गाड़ी चलाकर वहां से निकल गया। बाद में पुलिस ने उसका पीछा किया। इस दौरान वेस्ट ने पुलिस पर गोली चलाई, जिससे एक पिट्सबर्ग डिटेक्टिव के पैर में चोट लगी।

# सीरिया में 14 साल बाद चुनाव, अल-शरा की जीत तय

## अमेरिका ने 12 साल तक ग्लोबल आतंकी घोषित रखा, अब राष्ट्रपति बनेंगे



**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में लगभग 14 साल बाद संसदीय चुनाव हुए हैं। एक ऐसा देश जो बशर अल-असद की तानाशाही और 13 साल लंबे गृहयुद्ध से तबाह हुआ। रविवार सुबह दमिश्क में मतदान शुरू हुआ तो इसे असद युग के अंत के बाद नए दौर की शुरुआत बताया गया। पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट किए जाने के बाद अहमद अल-शरा ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। इसके बाद उन्होंने अमेरिका और पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर किए।

अल-शरा को अमेरिका ने मई 2013 में स्पेशल डेसिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट (स्ठत्ज्ञ) घोषित किया था। 12 साल बाद अमेरिका ने जुलाई 2025 को उनका नाम आतंकियों की सूची से बाहर किया। अपने आप में यह एक अनोखा मामला है।

**आम जनता चुनावी प्रक्रिया से बाहर :** अल-शरा ने पिछले साल अंतरिम राष्ट्रपति का पद संभलाने के बाद वादा किया था कि यह चुनाव लोकतांत्रिक बदलाव की दिशा में पहला कदम होगा, मगर हकीकत में जनता को वोट देने का अधिकार ही नहीं मिला। 210 सदस्यीय संसद में दो-तिहाई यानी 140 सीटों पर मतदान 7 हजार चयनित चुनावी कॉलेज सदस्यों ने किया, जिन्हें सरकार द्वारा नियुक्त जिला समितियों ने चुना था। शेष 70 सीटें खुद शरा की नियुक्ति से भरी जाएंगी। आम जनता और राजनीतिक दल दोनों ही चुनाव प्रक्रिया से बाहर हैं। सबसे बड़ा विवाद जनता की अनुपस्थिति का है। आलोचकों के मुताबिक यह चुनाव शरा सरकार की वैधता मजबूत करने की कवायद है, न कि जनता की इच्छा का प्रतीक। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का कहना है, सीरिया की यह पहली आजादी के बाद की संसद लोकतंत्र की दिशा में कदम भले हो, लेकिन जनता की भागीदारी के बिना यह महज सत्ता परिवर्तन का औपचारिक चेहरा बनकर रह गया है। इस चुनाव में अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की जीत तय है।

**सीरिया में चुनावों की प्रक्रिया क्या है? :** सीरिया की नई संसद में 210 सदस्य हैं। इनमें से 140 सीटों पर 7,000 इलेक्टोरल कॉलेज सदस्य मतदान कर रहे हैं। ये सदस्य सरकार द्वारा नियुक्त किए गए हैं। बाकी बचे सदस्य अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा सीधे नियुक्त करेंगे।

**राष्ट्रपति के लिए रिजर्व सीटों का क्या मतलब है? :** राष्ट्रपति शरा के नियुक्त 70 सीटों के जरिए महिलाओं, अल्पसंख्यकों और सहयोगी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की बात कही गई है।

आलोचकों के मुताबिक यही सीटें सरकार की स्थायी बहुमत सुनिश्चित करेंगी।

**चुनाव के नतीजे कब आएंगे? :** मतदान 5 अक्टूबर को हुआ। प्रारंभिक नतीजे 6 अक्टूबर को जबकि अंतिम परिणाम 7 अक्टूबर को अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जारी करेंगे।

**जनता वोट क्यों नहीं कर रही है? :** सरकार का कहना है कि गृहयुद्ध और विस्थापन के कारण जनगणना और मतदाता सूची तैयार करना असंभव है।

करोड़ों लोग दस्तावेजों के बिना हैं। इसलिए सीधे जनमत कराने की बजाय यह सीमित प्रक्रिया अपनाई गई है।

**किसके जीतने की संभावना है? :** 70 सीटें शरा की नियुक्ति से भरी जाने के कारण संसद में शरा समर्थकों की निर्णायक जीत तय मानी जा रही है।

**असद की पार्टी और विद्रोहियों ने चुनाव को नकारा :** हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस)- उत्तर-पश्चिमी सीरिया में सक्रिय यह संगठन चुनावों को दमिश्क की सत्ता का नाटक बता रहा है। उसका कहना है कि अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा की सरकार देश के वास्तविक प्रतिनिधित्व से कोसों दूर है, क्योंकि उसने जनता को वोट का अधिकार ही नहीं दिया।

# तीन भारतीय आईसीसी के सितंबर महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के करिश्माई खिलाड़ी अभिषेक शर्मा, कुलदीप यादव (पुरुष वर्ग में) और स्मृति मंधाना (महिला वर्ग में) को सितंबर महीने के लिए 'आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। बाएं हाथ के टी20 विशेषज्ञ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने यूएई में खेले गए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सात टी20 मैच में तीन अर्धशतक की मदद से 314 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 रहा और उन्हें इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस 25 साल के बल्लेबाज ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास की सर्वाधिक रेटिंग 931 अंक (बल्लेबाजी) भी हासिल की। कलाई के वामहस्त स्पिनर कुलदीप ने भी इस टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। उन्होंने एशिया कप में 6.27 की इकोनॉमी दर से गेंदबाजी करते हुए 17 विकेट चटकाए। एशिया कप में उन्होंने अपना अभियान यूएई के खिलाफ सात रन पर चार विकेट के साथ शुरू किया जबकि फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ 30 रन पर चार विकेट लेकर भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

भारत ने इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को तीन बार शिकस्त दी। जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट इस नामांकन को हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उन्होंने सितंबर में नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 497 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 55.22 और स्ट्राइक रेट 165.66 का रहा। बेनेट श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ श्रृंखला के सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने इसके बाद टी20 विश्व कप के अफ्रीका क्षेत्र के फाइनल के शुरुआती तीन मैचों में 72, 65 और 111 रन बनाए। उनकी शानदार बल्लेबाजी से जिम्बाब्वे 2026 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा।

भारत की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को महिला वर्ग में इस खिताब के लिए नामांकित किया गया है। उन्होंने सितंबर में चार वनडे मैचों में 308 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 77 और स्ट्राइक रेट 135.68 रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 58, 117 और 125 रन की पारियां खेलीं।

भारत इस श्रृंखला का पहला मैच हार गया था, लेकिन मंधाना की शतकीय पारी से टीम ने दूसरा मुकाबला जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की। उन्होंने इसके बाद निर्णायक मैच में भी शतक जड़ा लेकिन भारत 1-2 से श्रृंखला हार गया। वह इस श्रृंखला की



'सर्वश्रेष्ठ' खिलाड़ी चुनी गयी थी। महिला वर्ग में मंधाना के अलावा पाकिस्तान की सिदरा अमीन और दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स को नामांकित किया गया है।

# महेंद्र सिंह धोनी ने पूरा किया ड्रोन पायलट प्रशिक्षण



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के DGCA-अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (RPTO) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिह्नित करती है।

यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है। यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ-साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं।

गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक 'उत्कृष्टता केंद्रों' के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है।

धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा, 'हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा स्रोत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और इस क्षेत्र में कौशल और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को और पुष्ट करता है।'

महेंद्र सिंह धोनी ने बताया कि उन्होंने गरुड़ एयरोस्पेस के साथ अपना ष्ठत्नष्ट ड्रोन पायलट प्रमाणन कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। DGCA द्वारा अनुमोदित आरपीटीओ, गरुड़ एयरोस्पेस ने अपने अनुभवी मास्टर प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 2,500 से अधिक महत्वाकांक्षी पायलटों को प्रशिक्षित किया है। धोनी ने गरुड़ एयरोस्पेस के साथ अपनी यात्रा जारी रखने और इसके विकास को देखने के लिए अपनी उत्सुकता भी साझा की।

# दूसरे टेस्ट में सुदर्शन की जगह पडीक्कल को मिल सकता है मौका



**मुम्बई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में रन बनाने में असफल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन को दूसरे टेस्ट मैच में शायद ही जगह मिले। नंबर तीन पर टीम इंडिया को एक अच्छे बल्लेबाज की जरुरत है। इसी को देखते हुए सुदर्शन की जगह पर देवदत्त पडीक्कल को अवसर मिल सकता है। पड़िकल ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दोनो टीमों के बीच दूसरा व अंतिम टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने तीसरे दिन ही जीत हासिल कर ली पर सुदर्शन मैच में रन नहीं बना पाये। वह 19 गेंदों पर 7 रन ही बना पाये। ऐसे में टेस्ट क्रिकेट में उनकी क्षमताओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें इंग्लैंड दौरे में भी जगह मिली थी पर वह वहां भी केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये थे। इस बल्लेबाज को नंबर-3 बल्लेबाज के तौर पर आजमाया गया है, जिसमें वह अभी तक बुरी तरह विफल रहे हैं। इस बल्लेबाज ने टेस्ट डेब्यू के बाद से ही अभी तक 4 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में 0, 30, 61, 0, 38, 11 और 7 रन के स्कोर ही कुल 137 रन ही बनाए हैं। वह विदेशी धरती के बाद अपनी धरती पर भी रन बनाने में सफल नहीं हुए हैं। सुदर्शन ने अभी तक 4 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में केवल एक अर्धशतक ही लगा पाये हैं। सुदर्शन का सबसे अधिक स्कोर 61 रन है।

# पृथ्वी शॉ ने पहले ठोका शतक.. फिर भिड़ गए मुंबई के खिलाड़ी मुशीर खान से, बीच मैदान पर हाई वोल्टेज ड्रामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में कमाल का शतक जमाया लेकिन उनके आउट होते ही मैदान पर हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। दरअसल, पृथ्वी शॉ मुंबई के खिलाड़ी मुशीर खान से भिड़ गए। पृथ्वी ने वो कर दिखाया है जिसके लिए वो जाने जाते हैं। रणजी ट्रॉफी से पहले महाराष्ट्र के लिए प्रैक्टिस मैच खेल रहे पृथ्वी शॉ ने तूफानी शतक लगाया है। बड़ी बात ये है कि उन्होंने ये शतक अपनी पुरानी टीम मुंबई के खिलाफ जड़ा। एमसीए में खेले जा रहे इस मैच में पृथ्वी ने मुंबई के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। शॉ ने तूफानी बैटिंग करते हुए 219 गेंदों में 181 रन ठोके।



### पृथ्वी शॉ की लड़ाई

वहीं पृथ्वी शॉ ने मुंबई के गेंदबाजों के फीते खोल दिए वो 73.2 ओवर तक क्रीज पर रहे और इस दौरान उन्होंने 219 गेंदों में 181 रन बनाए। शॉ के शतक की मदद से महाराष्ट्र टीम 430 रनों तक पहुंच चुकी थी लेकिन जैसे ही ये खिलाड़ी आउट हुआ बीच मैदान पर बड़ा बवाल हो गया। पृथ्वी शॉ को मुशीर खान ने आउट किया और इसके बाद मुंबई के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ स्लेजिंग की। स्लेजिंग सुनते ही पृथ्वी शॉ ने आपा खो दिया और वो मुंबई के खिलाड़ियों पर चिल्लाते दिखे। जब मामला बढ़ा तो अंपायर को बीच बचाव के लिए आना पड़ा। पृथ्वी शॉ ने अपनी पारी में कमाल बैटिंग की। इस खिलाड़ी ने ऑलराउंडर अर्शीन कुलकर्णी के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 305 रन जोड़े। बड़ी बात ये है कि पृथ्वी शॉ ने इस मैच में अपने अंदाज से हटकर बल्लेबाजी की।

# ओसाका ने वुहान ओपन में लेला फर्नांडिज को हराया

वुहान (चीन) - नाओमी ओसाका ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां लेला फर्नांडिज को हराकर डब्ल्यूटीए 1000 लेवल वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2017 के बाद यहां पहली बार खेल रही ओसाका ने सेंटर कोर्ट पर दिन के पहले मैच में फर्नांडिज के खिलाफ 4-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। ऐमा राडुकानु जब आन ली के खिलाफ 1-6, 1-4 से पिछड़ रहीं थीं तो उन्हें चक्कर आने के कारण मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। सोफिया केनिन ने अनास्तासिया जखारोवा को 3-6, 7-6, 6-3 से हराया। वह दूसरे दौर में 16वें नंबर की खिलाड़ी लुइडमिला सैमसोनोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने एमिलियाना एरेंगो को 6-1, 7-5 से शिकस्त दी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक मेरी बुजकोवा के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले के साथ वुहान टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगी।



# आउट होते ही अंपायर पर नाराज हुए वैभव सूर्यवंशी

मुम्बई। मंगलवार को भारतीय अंडर-19 टीम के हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने भारत को बेहतरीन बढ़त दिलाई। इस दौरान इन दोनों गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन से दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम 135 रन पर समेट गई। हालांकि, इसके बाद भारत की भी शुरुआत खराब रही और टीम ने सातवें ओवर में 41 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। पिछले टेस्ट में 86 गेंद में 113 रन की पारी खेलने वाले प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी 14 गेंद में 20 रन बनाकर चार्ल्स लैचमंड की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया। अपनी 20 रन की पारी के दौरान वैभव ने दो चौके और एक छक्का भी लगाया। इस बीच जोरदार अपील पर अंपायर ने वैभव सूर्यवंशी को आउट दे दिया। भारतीय बल्लेबाज कुछ समय तक अपने क्रीज पर ही खड़ा रहा और अंपायर को इशारा किया कि गेंद उनके बैट से नहीं बल्कि पैड से टकराई थी। पवेलियन लौटते समय वैभव सूर्यवंशी ने अंपायर से बात की, शायद यही कहना चाह रहे हो कि आपका फैसला गलत है। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल है। वैभव का कैच विकेटकीपर एलेक्स ली यंग ने लपका। फिलहाल, भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक 40 ओवर में 144 रन तक सात विकेट गंवा दिए। स्टंप्स के समय हेनिल और दीपेश क्रमश- 22 और 6 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। पहले टेस्ट में 140 रन बनाने वाले वेदांत त्रिवेदी ने 44 गेंदों पर चार चौके की मदद से 25 रन बनाए। त्रिवेदी और राहुल कुमार ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन भारत अंडर-19 ने इसके बाद सिर्फ दो रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। खिलन और हेनिल ने सातवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शुरुआती दिन भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा 26 रन बनाने वाले खिलन दिन का खेल समाप्त होने से पहले आउट हुए।



# महिला विश्वकप में आज ऑस्ट्रेलिया से हारी तो बाहर होगी पाकिस्तान

**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला विश्वकप क्रिकेट में बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। पाक टीम अब तक अपने दोनो ही मैच हारी है। ऐसे में अगर वह इस मैच में भी हारी तो विश्वकप से बाहर हो जाएगी। पहले मैच में उसे बांग्लादेश और दूसरे मैच में भारतीय टीम ने हराया था। ऐसे में उसका अब तक एक भी अंक नहीं है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम अब तक अपने दोनो मैच जीती है और इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच को भी बड़ें अंतर से जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना रहेगा। पाक टीम के अब तक के खराब प्रदर्शन को देखते हुए भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत तय दिख रही है। इस वैश्विक प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया का शानदार प्रदर्शन अन्य टीमों के प्रदर्शन से काफी बेहतर रहा है। कप्तान एलिसा हीली की टीम ने अब तक टूर्नामेंट में 300 से अधिक रन बनाये हैं। ऐसे में वह पाक के खिलाफ वह और भी बड़ा स्कोर बना सकती है।




पाक टीम अगर ये मैच हारती है तो उसका बाहर होना तय है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पीछे कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच मे 300 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की आसान जीत दर्ज की थी। टीम की नजरें अब अपने इस रिकॉर्ड में सुधार करने के साथ ही आठवें विश्व कप खिताब को जीतने पर रहेंगी।

उसके पास सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली, बेथ मूनी और एनाबेल सदरलैंड के अलावा एश्ले गार्डनर जैसी बल्लेबाज हैं। एनाबेल सदरलैंड की तेज गेंदबाजी और सोफी मोलिन्यु की स्पिन से पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने कमाल का प्रदर्शन किया था। अब इंग्लैंड, भारत व दक्षिण अफ्रीका जैसी कड़ी टीमों से मुकाबला करने से पहले टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति को और पक्का करने उतरेगी।

भारत के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज से भी उसे उपमहाद्वीप के मैदानों पर खेलने का तरीका समझ में आ गया है। वहीं बांग्लादेश और भारत के खिलाफ हार के बाद पाकिस्तान की टीम अभी तक अंकतालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। कप्तान फातिमा सना की अब तक सभी क्षेत्रों में कमजोर नजर आयी है।

टीम की बल्लेबाजी में गहराई की कमी और मध्यक्रम में अच्छे बल्लेबाजों के नहीं होने से पाक टीम टूर्नामेंट में अब तक दो मैच में 200 रन भी नहीं बना पायी है। इन दो मैच में सिदरा अमीन, फातिमा सना और मुनीबा अली भी रनों के लिए संघर्ष करती दिखीं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ भी उसकी गेंदबाजी दिशाहीन रही और उसने करीब 18 अतिरिक्त रन दिये। भारत के खिलाफ भी उसे 88 रनों से बड़ी हार झेलनी पड़ी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के जबरदस्त प्रदर्शन को को देखते हुए पाक टीम उसके सामने टिक पायेगी। ऐसी संभावनाएं नहीं हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया-** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, एलेना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिन्यु, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

**पाकिस्तान-** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एयमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

# विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी जीत दर्ज की



गुवाहाटी । भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित टीम स्पर्धा के ग्रुप एच में श्रीलंका को हराकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की ओर कदम बढ़ाए। ग्रुप एच में शीर्ष पर रहने के प्रबल दावेदार और दूसरे वरीय भारत ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए श्रीलंका को 45-27, 45-21 से हराया। श्रीलंका ने सोमवार को करीबी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को शिकस्त दी थी। अन्य शीर्ष देशों में 14 बार के चैंपियन चीन और पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया ने अपने-अपने ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की जबकि फिलिपीन्स ने हांगकांग को 42-45, 45-28, 45-43 से हराकर उलटफेर किया। चीन ने ग्रुप डी में इंग्लैंड को 45-22, 45-19 से हराया जबकि दक्षिण कोरिया ने ग्रुप जी में पदार्पण कर रहे भूटान को 45-5, 45-17 से शिकस्त दी।

# सिराज को रुट से लगता है डर, इसलिए बनाये रखते हैं दूरियां

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज काफी आक्रामक अंदाज में गेंदबाजी करते हैं। सिराज को विश्व के किसी भी बल्लेबाज को गेंदबाजी करते समय डर नहीं लगता। वह केवल इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रुट से ही डरते हैं। सिराज का कहना है कि हाल में इंग्लैंड के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में भी उन्होंने रुट से इसी कारण दूरी बना ली थी। सिराज ने बताया कि रूट उनकी तरफ कभी भी आक्रामक होकर नहीं देखते केवल मुस्कुरा देते हैं, इसी कारण उनके सामने आक्रामक होना संभव नहीं है। ऐसे में वह अपनी आक्रामकता को बनाये रखने के लिए उनकी ओर नहीं देखते। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि विकेट मिलने के बाद ही उनका गुस्सा गायब होता है। जहां तक रूट की बात है, वह एक शीर्ष स्तर के बल्लेबाज हैं। जब वह मेरा सामना करते हैं, तो वह कभी भी मेरी तरफ गुस्से से नहीं देखते। वह मुझे देखकर मुस्कुराते रहते हैं। इसलिए जब भी मैं उन्हें देखता हूं, मेरे चेहरे पर अपने आप मुस्कान आ जाती है। उन्होंने आगे कहा, 'वह पहले व्यक्ति हैं जो मुझे देखकर शांत करते हैं और मुस्कुराते हैं। इसलिए इंग्लैंड दौरे के दौरान मैंने फैसला किया कि मैं उनकी तरफ नहीं देखूंगा और न ही उनसे बात करूंगा।।'



# भारत में क्रिकेट की तरह कोरिया में तीरंदाजी की लोकप्रियता : ब्रैडी एलिसन

अमेरिका के दिग्गज तीरंदाज ब्रैडी एलिसन ने कहा कि दक्षिण कोरिया की तीरंदाजी में बादशाहत वहां के पेशेवर ढांचे का परिणाम है जहां इस खेल की लोकप्रियता की तुलना भारत में क्रिकेट की तरह है। कोरिया का दबदबा पेरिस 2024 ओलंपिक में भी कायम रहा जहां महिलाओं की टीम ने लगातार 10वां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। कोरिया की महिला टीम 1988 सियोल ओलंपिक से अब तक अजेय रही है। पुरुष वर्ग में किम वू-जिन ने अपने करियर का पांचवां ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता जो किसी भी तीरंदाज द्वारा सबसे ज्यादा है। पांच बार के ओलंपियन एलिसन ने दिल्ली में आयोजित तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) से इतर 'पीटीआई' को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा, ''कोरिया दुनिया का इकलौता देश है जहां तीरंदाजी के लिए समर्पित पेशेवर प्रणाली है। उनके हर तीरंदाज का मुख्य पेशा यह है और उनकी रोजी रोटी इस खेल से चलती है,। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता की वह तीरंदाज राष्ट्रीय टीम में हो या नहीं।'' उन्होंने कहा, ''वहां तीरंदाजी वैसी है जैसे भारत में क्रिकेट या अमेरिका में फुटबॉल। बच्चे काफी कम उम्र से ही पेशेवर तीरंदाज बनने का सपना देखते हैं। उनके 50वें रैंक के खिलाड़ी की आमदनी शायद मुझसे ज्यादा है।'' एलिसन ने कहा कि कोरिया में तीरंदाज ओलंपिक की तैयारी करने वाले नहीं, बल्कि पूर्णकालिक पेशेवर माने जाते हैं। उन्होंने कहा, '' वहां बच्चे पांच-छह साल की उम्र से ही तीरंदाज बनने का सपना देखने लगते हैं। यही उनका जुनून और मुख्य खेल बन जाता है। बाकी जगहों पर लोग सिर्फ ओलंपिक टीम में आने के लिए इस खेल से जुड़ते हैं। कोरिया में तीरंदाज इसे अपना करियर बनाते हैं। यही उन्हें जिंदगी में स्थिरता और सफलता दिलाता है।'' एलिसन रिकर्व तीरंदाजी में अगस्त 2011 से अप्रैल 2013 तक सबसे अधिक समय के लिए शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी रहे हैं। ओलंपिक में पांच पदक के साथ वैश्विक प्रतियोगिताओं में 60 से अधिक पदक जीतने वाले एलिसन का मानना है कि भारत हमेशा ओलंपिक पदक की दौड़ में रहता है। उन्होंने कहा, ''भारत के पास विश्व कप और चैंपियनशिप में ढेरों पदक हैं। अगर आप अपने सर्वश्रेष्ठ दो रिकर्व तीरंदाजों को मिश्रित टीम में उतारें, तो उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा।'' लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में पहली बार कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को शामिल किया जायेगा।

# भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे, गुरबख्श सिंह बोले- इस विरासत का हिस्सा होना गर्व की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 100 साल पूरे कर लिए हैं। 7 नवंबर 1925 को बने हॉकी प्रशासन के पहले संस्थान से लेकर 8 ओलंपिक स्वर्ण पदकों तक का यह सफर इतिहास में दर्ज है। इस मौके पर 90 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी गुरबख्श सिंह ने कहा कि 'यह खेल भारत की पहचान है, और इस मील के पत्थर को मनाना गर्व का क्षण है।'

### 1928 से 1959: भारत का स्वर्ण युग

भारतीय हॉकी का सुनहरा दौर 1928 से 1959 तक रहा, जब टीम ने लगातार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते। 1980 के दशक में गिरावट के बाद, 2020 टोक्यो ओलंपिक में मनप्रीत सिंह की कप्तानी में कांस्य जीत ने फिर से नई शुरुआत की। 2024 पेरिस में टीम ने एक और पदक जीतकर उस विरासत को जीवित रखा।

### 'प्रोफेसर' जिसने दो स्वर्ण भारत को दिलाए : गुरबख्श सिंह

1959 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले गुरबख्श सिंह 1964 टोक्यो ओलंपिक और 1966 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे। पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें चश्मा पहनने की वजह से 'प्रोफेसर' कहा। वे कहते हैं, 'मेरे लिए हॉकी जीवन है। हमने तब ओलंपिक में विश्व खिताब वापस जीता था, वही पल आज भी मेरे दिल में है।'

### भारत-पाकिस्तान, अब तक की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

गुरबख्श के अनुसार, भारतीय हॉकी का सबसे रोमांचक अध्याय भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत थी। उन्होंने कहा, 'मैदान के बाहर कोई दुश्मनी नहीं थी, लेकिन मैदान पर बस एक ही लक्ष्य होता था- जीतना।' उनका मानना है कि इस प्रतिद्वंद्विता ने ही दोनों देशों की हॉकी को विश्वस्तर पर पहचान दिलाई।



# टेलीकाम बाजार में हुई बड़ी उल्टफेर.................
## बीएसएनएल ने एयरटेल को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया

**मुंबई ।**

अगस्त 2025 के ट्राई सब्सक्राइबर डेटा ने टेलीकॉम बाजार में एक नई दिशा दिखाई है। इस महीने रिलायंस जिओ ने सबसे ज़्यादा वायरलेस ग्राहक जोड़े और अपनी पकड़ मजबूत की। वहीं, बीएसएनएल, जो हाल तक गिरावट और चुनौतियों का सामना कर रही थी, इस महीने ने एयरटेल को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान पाया है। दूसरी तरफ, वोडाफोन आईडिया (वीआई) की निरंतर गिरावट ने उसकी स्थिति को और ज़्यादा नाजुक बना दिया है। इस महीने कुल 35.19 लाख यूजर्स जुड़े। जिसमें जिओ ने करीब 19.5 लाख नए ग्राहक जोड़े, बीएसएनएल ने 13.8 लाख, और एयरटेल ने लगभग 4.96 लाख नए ग्राहक जोड़े। वहीं वीई ने लगभग 3.08 लाख उपयोगकर्ताओं को खो दिया।

इससे साफ होता हैं कि भारतीय टेलीकॉम बाजार में प्रतिस्पर्धा और तीव्र हो गई है। जिओ ने न सिर्फ मोबाइल सेक्टर में बढ़त बनाई है, बल्कि होम ब्रॉडबैंड में भी करीब 9 लाख नए ग्राहक जोड़े, जबकि एयरटेल ने सिर्फ 3 लाख नए कनेक्शन दिए।

जिओ ने अगस्त 2025 में 1.95 लाख नए वायरलेस ग्राहक जोड़े। जिओ का कुल वायरलेस ग्राहक आधार अगस्त के अंत तक




479.45 मिलियन था। ब्रॉडबैंड क्षेत्र में भी जिओ ने नया रिकॉर्ड बनाया 9 लाख नए होम ब्रॉडबैंड कनेक्शन जोड़े।

राज्य-स्वामित्व वाली बीएसएनएल ने अगस्त 2025 में 13.8 लाख नए ग्राहक जोड़े, और एयरटेल को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। बीएसएनएल के पास अगस्त अंत तक कुल 91.75 मिलियन ग्राहक थे। बीएसएनएल की वापसी की वजह 4जी का आना है। बीएसएनएल को यह भी उम्मीद है कि अगले 6-8 महीनों में वह अपने 4जी नेटवर्क को 5जी में बदलेगी।

# निवेशकों के लिए राहत, सेबी ने ऑनलाइन निवेश को बनाया सुरक्षित

**मुंबई ।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ऑनलाइन धोखाधड़ी रोकने और निवेश को सुरक्षित बनाने के लिए दो नई सुविधाओं की शुरुआत की है। अब निवेशक एट द रेट वे लिड यूपीआई हैंडल और सेबी चेक टूल की मदद से सुनिश्चित कर सकेंगे कि उनका पैसा केवल सेबी अधिकृत ब्रोकर या म्यूचुअल फंड कंपनी के पास ही जाएगा। सेबी ने पंजीकृत सभी ब्रोकर और म्यूचुअल फंड कंपनियों के लिए यह अनिवार्य किया है कि वे ऐसे यूपीआई हैंडल का उपयोग करें, जिनके अंत में एट द रेट वे` लिड लिखा हो। ब्रोकरों के लिए बीआरके और म्यूचुअल फंड कंपनियों के लिए एमएफ का विशेष पहचानकर्ता होगा। पेमेंट के समय निवेशकों को हरे रंग के थम्ब्स-अप ट्रायंगल का निशान भी दिखेगा, जो यह बताएगा कि पैसा सही और अधिकृत संस्था को ही जा रहा है।




# अनिल की कंपनी को सेबी ने भेजा शोकॉज नोटिस, शेयरों में आई मामूली गिरावट

**-कंपनी ने कहा- सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में उसका कोई भी निवेश या एक्सपोजर नहीं**

**नई दिल्ली।**

रिलायंस पावर लिमिटेड और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को सेबी ने सेबी विनियम, 2003 और सेबी अधिनियम, 1992 के उल्लंघन के आरोप में शो-कॉज नोटिस जारी किया है। रिलायंस पावर ने कहा कि उसका सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में कोई निवेश नहीं है और वह कानूनी सलाह के मुताबिक कदम उठाएगी। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने बताया कि उसका सीएलई प्राइवेट लिमिटेड के साथ 6,503.13 करोड़ रुपए का विवाद पहले ही मेडिएशन एक्ट, 2023 के तहत बॉम्बे हाईकोर्ट में सुलझा लिया गया था। कंपनी ने कहा कि समझौता पूरी तरह लागू हो चुका है और अब वह सेबी नोटिस पर कानूनी सलाह के मुताबिक ही कार्रवाई करेगी। इस बीच मंगलवार को रिलायंस पावर लिमिटेड के शेयर मामूली गिरावट के साथ 44.96 रुपए पर आ गए। वहीं, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 3 फीसदी तक गिरकर 238 रुपए पर आ गए। रिलायंस पावर ने बीएसई को दी गई फाइलिंग में कहा कि उसे सेबी की ओर से एक शो-कॉज नोटिस मिला है, जो रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में एक्सपोजर से जुड़ा है। कंपनी ने साफ कहा कि उसका सीएलई प्राइवेट लिमिटेड में कोई भी निवेश या एक्सपोजर नहीं है। रिलायंस पावर ने कहा कि वह इस मामले में अपने कानूनी सलाह के मुताबिक उचित कदम उठाएगी। दूसरी ओर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने भी बीएसई को दी जानकारी में बताया कि उसने पहले 9 फरवरी 2025 को अपने सीएलई प्राइवेट लिमिटेड (सीपीएल) से जुड़े विवाद के निपटारे की सूचना दी थी। कंपनी ने कहा कि यह विवाद मेडिएशन एक्ट, 2023 के तहत बॉम्बे हाईकोर्ट के मेडिएशन सेंटर में दाखिल कन्सेंट टर्म्स के जरिए सुलझा लिया गया था। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने कहा कि आठ महीने की देरी के बाद सेबी से अब यह शो-कॉज नोटिस मिला है, जबकि सीएलई प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता पहले ही पूरा हो चुका है और मेडिएशन एक्ट, 2023 के प्रावधानों के मुताबिक पूरी तरह लागू किया जा चुका है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह इस मामले में कानूनी सलाह के मुताबिक आगे के कदम उठाएगी। बता दें यह मामला रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और सीएलई प्राइवेट लिमिटेड के बीच लंबे समय से चले आ रहे वित्तीय विवाद से जुड़ा है। दोनों पक्षों ने 2023 में मेडिएशन एप्लिकेशन नंबर 181/2023 के तहत आपसी सहमति से विवाद निपटाने के लिए आवेदन किया था।

# अमेरिकी बैन के बाद रूस की एनर्जी फर्म भारत में करेगी 5 हजार करोड़ का निवेश

**-आंध्र प्रदेश के काकिनाडा में यूनिट लगाने की तैयारी, केंद्र के सामने रखेगी प्रस्ताव**

**नई दिल्ली।** रूस की सरकारी एनर्जी फर्म गैजप्रॉम ने अमेरिकी बैन के बाद अब भारत का रुख किया है। रूसी कंपनी ने भारत में 60 करोड़ डॉलर यानी करीब 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर एलएनजी यूनिट लगाने की बात कही है। यह यूनिट आंध्र प्रदेश के काकिनाडा में लगाने की तैयारी है, जिसकी क्षमता करीब 50 लाख टन होगी। विश्लेषकों का कहना है कि रूसी कंपनी के भारत में आने से अमेरिका के साथ पहले से ही तल्ख चल रहे संबंधों में दूरियां और बढ़ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रुसी कंपनी गैजप्रॉम ने भारत के पूर्वी छोर पर स्थित पोर्ट के पास इन्फ्रा विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। माना जा रहा है कि कंपनी के अधिकारी और रूस के प्रतिनिधि इसी सप्ताह दिल्ली में सरकार के सामने अपना प्रस्ताव रखेंगी। इस योजना के तहत करीब 5 हजार करोड़ के निवेश की संभावना है। इसके तहत काकिनाडा पोर्ट पर एलएनजी टर्मिनल स्थापित किया जाएगा। मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि भारत के समुद्री क्षेत्र में निवेश करने के लिए दुनियाभर की कंपनियां अपनी इच्छा जता रही हैं।

गैजप्रॉम ने भारतीय पोर्ट इन्फ्रा के अधिग्रहण की योजना ऐसे समय में बनाई है, जब अडानी समूह समेत कई भारतीय पोर्ट ऑपरेटर पर अमेरिका, यूके और यूरोपीय यूनियन ने बैन लगा दिया है। अब जबकि गैजप्रॉम ने भारत का रुख किया है तो कई विशेषज्ञों ने इससे अमेरिका के साथ संबंधों में और तल्खी आने की आशंका जताई है। गोखले इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स में जियोपॉलिटिकल और जियोइकोनॉमिक्स के असिस्टेंट प्रोफेसर संकल्प गुर्जर का कहना है कि रूस की ओर से भारत में निवेश किए जाने से अमेरिका के साथ संबंधों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। बदलते हालात में भारत ने रूस के साथ अपने संबंधों को दोबारा मजबूत करने और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में पार्टनरशिप बनाने पर जोर देना शुरू किया है। भारत और अमेरिका के संबंध हाल के दिनों में टैरिफ की वजह से तनावपूर्ण बने हुए हैं। कानून के जानकार का कहना है कि अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से गैजप्रॉम के भारत में निवेश पर या भारतीय कंपनियों से पार्टनरशिप का कोई असर नहीं पड़ेगा।

# मस्क, एलिसन, जुकरबर्ग, बेजोस पर हुई डॉलरों की बारिश, अडानी-अंबानी ने पाया खोया रुतबा

**नई दिल्ली।**

अरबपतियों की सूची में एक बार फिर भारी उथल-पुथल हुई। एलन मस्क, लैरी एलिसन, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस, लैरी पेज, सर्गी ब्रिन पर डॉलरों की बारिश हुई। वहीं अंबानी, अडानी ने अपना खोया रुतबा हासिल किया है। बीते हफ्ते शुक्रवार को एलन मस्क से लेकर जेनसेन हुआंग तक दिग्गज अरबपतियों की संपत्ति में गिरावट आई, लेकिन सोमवार को हुआंग को छोड़ इन अरबपतियों पर डॉलर की बारिश हुई। ताजा सूची के मुताबिक एलन मस्क की संपत्ति सोमवार को 16.7 अरब डॉलर की हुई और अब उनका नेटवर्थ 465 अरब डॉलर हो गया है।

लैरी एलिसन ने 6.69 अरब डॉलर कमाया और उनका नेटवर्थ 351 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। मार्क जुकरबर्ग 252 अरब डॉलर के नेटवर्थ पर हैं और इनकी संपत्ति में 1.77 अरब डॉलर पर पहुंच गई। जेफ बेजोस को 1.28 अरब डॉलर का फायदा हुआ। अब इनके पास 244 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। लैरी पेज 4 अरब डॉलर बनाए हैं और उनकी कुल संपत्ति अब 220 अरब डॉलर हो गई, जबकि सर्गी ब्रिन के नेटवर्थ में 3.71 डॉलर का इजाफा हुआ है। इनका नेटवर्थ अब 205 अरब डॉलर है। बर्नार्ड अर्नाल्ट को 4 अरब डॉलर का झटका लगा है। उनकी संपत्ति अब 177 अरब डॉलर रह गई है। जेनसेन हुआंग, जो दुनिया के 9वें अमीर व्यक्ति हैं, ने 4 अरब डॉलर गंवाए हैं। अब इनकी संपत्ति 1.78 अरब डॉलर है। माइकल डेल को 1.04 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। इनकी कुल संपत्ति अब 152 अरब डॉलर है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अब ये 10वें नंबर पर हैं। वॉरेन बफे दुनिया के टॉप-10 अमीरों की सूची से बाहर हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में अब बफे 11वें नंबर पर हैं। इनका नेटवर्थ 151 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी एक पायदान ऊपर चढ़कर फिर से 18वें स्थान पर आ गए हैं। सोमवार को उनकी संपत्ति में 883 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ।

# रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 88.76 पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही करोबारी दिन अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं के बीच ही रुपया शुरुआती कारोबार में एक पैसे टूटकर 88.75 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण भी स्थानीय मुद्रा दबाव में है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर थोड़ा मजबूत खुला लेकिन जल्द ही यह एक पैसे टूटकर 88.75 प्रति डॉलर पर आ गया। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.74 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने ने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 97.86 पर आ गया।



# भारत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर कर रहा है बातचीत

**नई दिल्ली ।** भारत वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। मंत्री ने दोहा में बताया कि ओमान, यूरोपीय संघ, अमेरिका, चिली, पेरू, न्यूजीलैंड, यूरेशिया और अन्य देशों ने व्यापार समझौते की इच्छा जताई है। भारत इन समझौतों के जरिए विकसित देशों के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करना चाहता है। न्यूयॉर्क में हाल ही में हुई बैठक के बाद भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से सहमति बनाने की कोशिश में हैं। अमेरिका ने भारतीय माल पर टैरिफ लगाए हैं, लेकिन दोनों पक्ष रचनात्मक वार्ता कर समझौता करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। 2024-25 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 132 अरब डॉलर का है। अमेरिका भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी हिस्सा लेता है।


# तेल निर्यातक रूस अब खुद कर रहा है तेल आयात

**नई दिल्ली ।** रूस, जो दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातकों में से एक माना जाता है, अब खुद को तेल निर्यात करने की स्थिति में आ रहा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, घटते उत्पादन और परिष्कृत तेल की कमी के कारण रूस को कुछ देशों से रिफाइंड ऑयल खरीदना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना हैं कि यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों की सख्त पाबंदियों ने रूस की ऊर्जा आपूर्ति श्रंखला को प्रभावित किया है। घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रूस को पड़ोसी देशों से तेल उत्पाद मंगवाने पड़ रहे हैं। यह स्थिति वैश्विक ऊर्जा बाजार पर भी असर डाल रही है, जिससे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। रूस की यह नई रणनीति बताती है कि ऊर्जा क्षेत्र में आर्थिक और राजनीतिक दबाव कैसे संतुलन बदल सकते हैं।

# इस साल वैश्विक मुद्रा बाजार में डॉलर फिसला, यूरो-पेसो चमके, रुपया कमजोर

**- डॉलर में 9.5 फीसदी गिरावट, यूरो और पेसो में मजबूती, रुपया फिसला**

**मुंबई ।** इस साल वैश्विक मुद्रा बाजारों ने अप्रत्याशित रुख अपनाया। जहां अमेरिकी डॉलर ने साल की शुरुआत मजबूत स्थिति से की थी, वहीं वर्ष के अंत तक यह करीब 9.5 फीसदी गिर गया। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित ब्याज दर कटौती की उम्मीदें और विकास दर में सुस्ती रही, जिसने डॉलर की मांग पर सीधा असर डाला। इसके विपरीत, यूरो और मैक्सिकन पेसो ने जबरदस्त मजबूती दिखाई। यूरो में डॉलर के मुकाबले लगभग 13 फीसदी की वृद्धि हुई। यूरोपीय अर्थव्यवस्था की स्थिरता और अपेक्षाकृत मजबूत नीतियों ने इसे सहारा दिया। यूरो की मजबूती के चलते अमेरिकी पर्यटकों के लिए यूरोप की यात्रा महंगी हो गई, जबकि यूरोपीय लोगों के लिए अमेरिकी वस्तुएं सस्ती हो गईं। मैक्सिकन पेसो में करीब 12 फीसदी की बढ़त देखी गई, जो उच्च स्थानीय ब्याज दरों और उत्तरी अमेरिका से स्थिर निवेश प्रवाह के कारण संभव हो सकी। हालांकि वैश्विक परिदृश्य में अधिकतर मुद्राएं डॉलर के मुकाबले मजबूत हुईं, भारतीय रुपया ने विपरीत दिशा ली। साल 2025 में रुपया लगभग 3-4 फीसदी कमजोर हुआ। यह गिरावट स्थानीय आर्थिक नीतियों की अस्पष्टता और वैश्विक पूंजी के बाहर जाने की प्रवृत्ति का संकेत देती है।



# शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 136, निफ्टी 30 अंक उछला**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मामुली तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर बीएसई सेंसेक्स 136.63 अंक बढ़कर 81,926.75 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 30.65 अंक ऊपर आकर 25,108.30 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी उछाल आया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 274.30 अंक बढ़कर 58,289.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 55.35 अंक उछलकर 17,983.40 पर पहुंच गया। रियल्टी शेयरों से बाजार उछला। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 1.09 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी ऑटो 0.28 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.24 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.24 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.28 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.37 फीसदी उपर आकर बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी पीएसयू बैंक 0.41 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.53 फीसदी,




निफ्टी मेटल 0.28 फीसदी और निफ्टी मीडिया 0.48 फीसदी टूटकर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, और मारुति सुजुकी सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, इन्फोसिस, एसबीआई, एचयूएल, कोटक महिंद्रा, बीईएल, टाइटन और टीसीएस के शेयर सबसे अधिक गिरे।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 93 अंक की बढ़त लेकर 81,883.95 पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.90 अंक की बढ़त के साथ 25,115.55 पर खुला। वहीं एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का निक्केई लगातार दूसरे ट्रेडिंग सेशन में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा, जिसे वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में तेजी ने समर्थन दिया निक्केई 0.81 फीसदी ऊपर था, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.67 फीसदी नीत नीचे रहा। वहीं, चीन के मेनलैंड इंडेक्स सीएसआई 300 में 0.45 फीसदी की बढ़त देखी गई और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.7 फीसदी ऊपर रहा। वहीं वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स भी मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.36 फीसदी चढ़कर और नैस्डैक 0.71 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। जबकि डॉव जोन्स 0.14 फीसदी गिरकर बंद हुआ।

# आपका चेहरा और फिंगरप्रिंट देगा यूपीआई में पेमेंट की अनुमति.....भूल जाओ पिन डालना

**मुंबई ।**

देश में डिजिटल पेमेंट्स को आसान और सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से लेन-देन करने वाले यूजर्स को भुगतान के लिए पिन डालने की जरूरत नहीं होगी। इसके बजाय वे चेहरे की पहचान या फिंगरप्रिंट के द्वारा अपने ट्रांजैक्शन को पूरा कर सकते है। यह नई सुविधा 8 अक्टूबर से लागू होगी।

**क्या है डिटेल**

एनपीसीआई (जो यूपीआई का संचालन करती है) फीचर को ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल, मुंबई में प्रदर्शित करने जा रही है। इससे डिजिटल पेमेंट्स और तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, इस नई सुविधा में पेमेंट की ऑथेंटिकेशन (वेरिफिकेशन) भारत सरकार की आधार प्रणाली में दर्ज बायोमैट्रिक डेटा से होगी। यानी, यूजर्स का चेहरा या फिंगरप्रिंट उनके आधार डेटा से मैच किया जाएगा, जिससे पेमेंट की अनुमति मिलेगी।



बता दें कि यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया दिशानिर्देशों के अनुरूप है, जिसमें डिजिटल ट्रांजैक्शनों के लिए वैकल्पिक ऑथेंटिकेशन तरीकों की अनुमति दी गई थी। इससे डिजिटल पेमेंट्स में सुरक्षा और उपयोगकर्ता अनुभव दोनों को बेहतर बनाने की उम्मीद है।

वर्तमान में, हर यूपीआई ट्रांजैक्शन के लिए यूजर्स को 4 या 6 अंकों का पिन दर्ज करना होता है। नई सुविधा लागू होने के बाद, फेस स्कैन या फिंगरप्रिंट सेंसर के जरिए पेमेंट तुरंत ऑथेंटिकेट हो जाएगा। इससे ट्रांजैक्शन समय घटेगा, सुरक्षा बढ़ेगी, और यूजर अनुभव और सहज होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन से धोखाधड़ी की संभावना कम होगी, क्योंकि चेहरा या फिंगरप्रिंट किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कॉपी करना मुश्किल है।

# वोडाफोन आइडिया को एजीआर मामले में राहत की उम्मीद


**- सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 13 अक्टूबर तक टाली**

**नई दिल्ली ।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) को एजीआर (समायोजित सकल राजस्व) विवाद में आंशिक राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी की याचिका पर सुनवाई 13 अक्तूबर तक के लिए टाल दी है। याचिका में कंपनी ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) द्वारा वित्त वर्ष 2016-17 के लिए की गई 5,606 करोड़ की अतिरिक्त मांग को चुनौती दी है। वोडाफोन आइडिया की ओर से एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने दिवाली से पहले सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया। सरकार ने बताया कि वह कंपनी में लगभग 50 फीसदी हिस्सेदार है, इसलिए समाधान की दिशा में प्रयास जरूरी हैं। इससे पहले भी 26 सितंबर को सुनवाई टाली गई थी।




# ईरान में भारतीय रुपया बना पावरफुल

**- सस्ती ट्रैवल डेस्टिनेशन बनने का सुनहरा मौका**



**मुंबई ।** ईरान इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। अमेरिका और यूरोपीय देशों के लगातार प्रतिबंधों और इज़रायल के साथ तनाव के चलते देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। महंगाई दर 35 फीसदी से ऊपर बनी हुई है, जिससे ईरानी मुद्रा रियाल की वैल्यू ऐतिहासिक रूप से गिर चुकी है। इसी गिरावट का सीधा फायदा भारतीय पर्यटकों को मिल रहा है। इस समय 1 भारतीय रुपया लगभग 473.20 ईरानी रियाल के बराबर है। यानी कोई भी भारतीय अगर 1000 रुपए लेकर ईरान जाता है तो उसे करीब 4.73 लाख रियाल मिलते हैं। इससे ईरान भारतीयों के लिए एक बेहद किफायती और बजट-फ्रेंडली टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान की संसद ने मुद्रा से 4 शून्य हटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब 10,000 पुराने रियाल बराबर 1 नया रियाल होंगे। इससे रोजमर्रा के लेन-देन में सहूलियत होगी और ट्रांजैक्शन आसान बनेंगे। इस फैसले के पीछे आर्थिक स्थिरता लाने की कोशिश है, लेकिन इससे भारतीय पर्यटकों के लिए वहां घूमना और शॉपिंग करना और भी किफायती हो गया है। हालांकि, ईरान की राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यात्रा से पहले ट्रैवल एडवाइजरी जांचना जरूरी है। लेकिन कम बजट में विदेश घूमने की योजना बना रहे भारतीयों के लिए ईरान एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहा है।



# वॉर 2 में काम करने को लेकर बोले ऋतिक, हर फिल्म यातना नहीं होती

पिछले महीने ऋतिक रोशन की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई। फिल्म की काफी तारीफ हुई। इसे बॉक्स ऑफिस पर मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म की पहली किस्त वॉर को रिलीज हुए 6 साल पूरे हो गए हैं। ऐसे में ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म वॉर 2 की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं और एक पोस्ट लिखी है।

### ऋतिक रोशन की पोस्ट में क्या है?

ऋतिक रोशन ने अपनी फिल्म वॉर 2 के कुछ दृश्य इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा कबीर का किरदार निभाना बहुत अच्छा था। क्योंकि मैं उन्हें पहले से जानता था। उनका किरदार निभाना आसान था। यह एक ऐसी फिल्म थी जो मैं भी कर सकता था। जैसे कई और करते हैं। यह बिल्कुल इसी तरह था जैसे अभिनेता का किरदार निभाएं, अपना काम करें और घर आ जाएं। मैंने भी वैसा ही किया। मेरे निर्देशक अयान ने मेरा बहुत साथ दिया। सेट पर वह बहुत एक्टिव रहे। सब कुछ एकदम बढ़िया था। मानो यह सब होना ही था। कोई चिंता नहीं, बस मुझे अपना काम सही से करना था और मैंने किया भी। हर फिल्म एक यातना और आघात नहीं होती।

वॉर 2 के बारे में

फिल्म वॉर 2 में ऋतिक रोशन के अलावा जूनियर एनटीआर, कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा और अनिल कपूर ने अभिनय किया है। फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है। इसके निर्माता आदित्य चोपड़ा हैं। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म वॉर का सीक्वल है। इस फिल्म की कहानी रॉ एजेंट कबीर (ऋतिक रोशन) के आस-पास घूमती है। वह काली कार्टेल को खत्म करने के मिशन पर निकलते हैं। मिशन के दौरान अपने ही मेंटर की हत्या कर देते हैं। इसके बाद उनकी मुश्किलें शुरू होती हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

### ऋतिक रोशन का काम

ऋतिक रोशन इससे पहले फिल्म फाइटर (2024) में नजर आए थे। इसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर थे। सिद्धार्थ आनंद ने इसका निर्देशन किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। अभी ऋतिक ने किसी नए प्रोजेक्ट का एलान नहीं किया है।



# कैमरे के सामने रहती हूं बिल्कुल सहज

अभिनेत्री शालिनी पांडे ने ब्लॉकबस्टर मूवी अर्जुन रेड्डी से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। यह उनके करियर में महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में शालिनी पांडे ने अपनी एक्टिंग को लेकर बात की। उन्होंने इस दौरान बताया कि वह कैमरे के सामने बिल्कुल सहज रहती हैं और यही उनके अभिनय का मूल मंत्र है। जब उनसे पूछा गया, क्या आपकी प्रतिभा स्वाभाविक है, या इसके लिए आपने मेहनत की है? इस सवाल पर शालिनी पांडे ने जवाब दिया, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि यह स्वाभाविक प्रतिभा है या नहीं, लेकिन मैं बचपन से ही अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी। कैमरे के सामने मैं बहुत सहज रहती हूं, खासकर जब मैं खुद शालिनी नहीं, बल्कि कोई दूसरा किरदार निभा रही होती हूं। संवाद मिलने और किसी और के रूप में ढलने पर मुझे सबसे ज्यादा सुकून और आत्मविश्वास मिलता है। शायद यही वजह है कि यह स्वाभाविक लगता है, क्योंकि अभिनय मेरा सबसे सुरक्षित और पसंदीदा ठिकाना रहा है।

इंडस्ट्री में अपने सफर के बारे में बात करते हुए शालिनी ने कहा, एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि सीखने के लिहाज से मेरा सफर सचमुच अद्भुत रहा है। पहली ही फिल्म में मैंने जिन लोगों के साथ काम किया, वह जिस तरह की फिल्म थी और जो लोग उस फिल्म में मेरे साथ खड़े रहे, उन्होंने मेरे सफर को बहुत खास बना दिया।

उन्होंने आगे कहा, पहली ही फिल्म में मुझे बहुत अच्छे अभिनेताओं और निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला है, जिससे मैं सचमुच धन्य महसूस करती हूं। उसके बाद से मैंने जितने भी प्रोजेक्ट किए हैं, वो कमाल की टीम के साथ किए हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं।

बता दें कि शालिनी पांडे ने अर्जुन रेड्डी में एक मेडिकल छात्रा का रोल प्ले किया था। इसमें विजय देवरकोंडा ने लीड रोल प्ले किया था। वह इसके बाद 'डब्बा कार्टल', 'जयेशभाई जोरदार', 'महाराज', और '118' जैसी फिल्म-सीरीज में अपने अभिनय का परिचय दे चुकी हैं।

# मैं चिंकी और मिंकी के साथ कोई संपर्क नहीं रखना चाहती

**रियलिटी शो छोरिया चली गांव को उसका विनर मिल चुका है। अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने इसकी पहली टॉफी अपने नाम की, जबकि शो की पहली रनर-अप कृष्णा श्रॉफ रहीं। उनका यह पहला रियलिटी शो था, जिसमें उनकी भागीदारी दर्शकों को काफी पसंद आई।**



कृष्णा श्रॉफ ने एक खास बातचीत में रियलिटी शो में अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। साथ ही बताया कि छोरिया चली गांव में उनका फेवरेट कंटेस्टेंट कौन था और किसके साथ वह रिश्ता नहीं रखना चाहतीं। जब उनसे पूछा कि क्या वह शो में किसी खास प्रतियोगी के संपर्क में नहीं रहना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए कृष्णा ने कहा, सच कहूं तो ज्यादातर लोग मेरे लिए मायने नहीं रखते, लेकिन अगर किसी का नाम लेना हो, तो मैं चिंकी और मिंकी का जिक्र करूंगी। यह उनकी पर्सनैलिटी का सवाल नहीं, बल्कि परिपक्वता की बात है। समझना जरूरी है कि कब और कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए। शो की विनर अनीता हसनंदानी के बारे में बात करते हुए कृष्णा श्रॉफ ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, शो में अनीता से हारना मेरे लिए स्वीकार्य था। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुझे हराया, क्योंकि वह मेरी सबसे मजबूत प्रतियोगी और शो की सबसे अनुभवी महिला थीं। उन्होंने कभी भी व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया और सिर्फ प्रतियोगिता पर फोकस रखा। मैं उनकी इस खासियत का पूरा सम्मान करती हूं। शो का फिनाले कृष्णा श्रॉफ और उनके परिवार के लिए बहुत ही खास रहा। इस दौरान कृष्णा की मां आयशा भी यहां मौजूद रहीं। रियलिटी शो का परिणाम सामने आने से पहले ही उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी ही उनके लिए विनर हैं। वहीं शो में भाग लेने से पहले अभिनेता और उनके पिता जैकी श्रॉफ ने कहा था कि इस शो में हिस्सा लेने के बाद उनकी जिंदगी बदल जाएगी और यहां से वह अनमोल अनुभव लेकर वापस लौटेंगी। कृष्णा श्रॉफ ने ही कहा था कि वह अपने पिता के प्रेरित करने के बाद ही इस शो का हिस्सा बनने को तैयार हुई थीं।



# जटाधारा में खलनायिका बन सोनाक्षी सिन्हा बनाएंगी नया इतिहास

सोनाक्षी सिन्हा अपने आगामी द्विभाषी (हिंदी-तेलुगु) प्रोजेक्ट जटाधारा से दर्शकों को चौंकाने वाली हैं क्योंकि ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा की इस बहुप्रतीक्षित पौराणिक स्पेक्टेकल फिल्म से तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रहीं सोनाक्षी सिन्हा बड़े पर्दे पर पहली बार खलनायिका के रूप में नज़र आनेवाली हैं। हालांकि धन पिशाचिनी के रूप में उनका यह किरदार सिर्फ नकारात्मक ही नहीं, बल्कि बेहद शक्तिशाली और दमदार भी है। गौरतलब है कि जहां अधिकतर कलाकार अपने सकारात्मक किरदार को लेकर काफी सजग रहते हैं, वहां सोनाक्षी का यह कदम न सिर्फ साहसिक है, बल्कि उन्हें नए मुकाम पर ले जाने की काबिलियत को भी दर्शाता है। विशेष रूप से रहस्यवाद, आध्यात्मिक प्रतीकों और शक्ति के स्त्री रूप को एक रोचक सिनेमाई ताने-बाने में पिरोते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने जिस तरफ अपना कदम बढ़ाया है, वो बॉलीवुड में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। गौरतलब है कि जटाधारा की कहानी काले जादू की रहस्यमयी दुनिया की झांकी पेश करती है, जहाँ तंत्र-मंत्र, गुप्त अनुष्ठान और प्राचीन श्राप आस्था और भय की सीमाओं को दर्शाया गया है। ऐसे में यहाँ सोनाक्षी का किरदार सिर्फ एक खलनायिका का नहीं, बल्कि तंत्र और तांत्रिक शक्तियों से जन्मी एक भयावह सत्ता की भी है, जो कहानी को गहराई और नया आयाम देती है। हालांकि हाल ही में दुर्गा पूजा पर रिलीज़ हुआ सोनाक्षी का गाना धना पिशाची (हिंदी और तेलुगु में) पहले ही फिल्म के रहस्य और रोमांच को और बढ़ा चुका है। इसके अलावा गाने के दृश्यों में प्राचीन अनुष्ठान, भगवान शिव से जुड़े प्रतीक और पौराणिक छवियाँ सोनाक्षी की खलनायिका वाली भयावह छवि को और प्रभावशाली बनाते हैं। फिल्म में उनके अपोज़िट सुधीर बाबू नज़र आएंगे, जो कहानी को भावनात्मक गहराई देते हैं और अच्छाई और बुराई के संघर्ष को निजी और गहन बनाते हैं।

# कांतारा चैप्टर 1 की सफलता पर भावुक हुए ऋषभ

साल 2022 में रिलीज हुई 'कांतारा' फिल्म की अगली कड़ी 'कांतारा चैप्टर 1' रिलीज हो चुकी है। ऋषभ शेट्टी निर्देशित 'कांतारा चैप्टर 1' ने पहले दिन ही 60 करोड़ रुपये की कमाई की है। दूसरे दिन भी यह शानदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म को मिले इतने प्यार के लिए ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों का, फैंस का शुक्रिया अदा किया है।

24 घंटे में बिके 1 मिलियन से अधिक टिकट

'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया, 'कांतारा चैप्टर 1' की धूम पूरे देश में गूंज रही है। 24 घंटों में 1.28 मिलियन से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने साल 2025 में पहले दिन बुकमॉयशोइन पर सबसे ज्यादा टिकट ब्रिकी दर्ज की है।

### ऋषभ ने शुरुआती दौर के स्ट्रगल का जिक्र किया





ऋषभ शेट्टी ने अपनी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' की सफलता को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही अपना एक पुराना ट्वीट भी शेयर किया है। जिसमें वह अपने स्ट्रगल का जिक्र करते हैं।

ऋषभ शेट्टी ने पुराने ट्वीट में लिखा है, '2016 में एक ईवनिंग शो पाने के लिए संघर्ष करने से लेकर 2025 में 5000 से ज्यादा हाउसफुल शो तक का सफर। यह सफर आपके प्यार, सपोर्ट और भगवान की कृपा के अलावा और कुछ नहीं है। इसे संभव बनाने वाले हर एक व्यक्ति का हमेशा आभारी रहूंगा।'

### फिल्म को ऑनलाइन शेयर ना करने की गुजारिश की

अभिनेता, निर्देशक ऋषभ शेट्टी ने दर्शकों से गुजारिश की है कि फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के वीडियो रिकॉर्ड करके ऑनलाइन शेयर ना करें। वह एक अन्य एक्स (ट्विटर) पोस्ट में लिखते हैं, 'फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है। आपके प्यार ने इसे सचमुच यादगार बना दिया है। हम आपसे गुजारिश करते हैं कि फिल्म के वीडियो शेयर/रिकॉर्ड न करें और पायरेसी को बढ़ावा न दें।'





# मुंबई में शुरू होने जा रहा है बैटल ऑफ गलवान के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग चित्रांगदा भी करेंगी ज्वाइन

**बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी नई फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बन रही यह फिल्म साल 2020 में भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई झड़प पर आधारित है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग लद्दाख की वादियों में पूरी की गई थी और अब खबर है कि इसका दूसरा शेड्यूल मुंबई में शुरू होने जा रहा है।**

### अक्टूबर से शुरू होगा मुंबई शेड्यूल

रिपोर्ट के मुताबिक बैटल ऑफ गलवान का दूसरा और आखिरी शेड्यूल 10 अक्टूबर 2025 से मुंबई में शुरू होगा। फिल्म की टीम ने पहले ही मुंबई में लोकेशन्स का रेक्की कर लिया है, हालांकि शूटिंग की जगहों को फिलहाल गुप्त रखा गया है। इस शेड्यूल में सलमान खान के साथ-साथ अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह भी हिस्सा लेंगी। बताया जा रहा है कि यह शेड्यूल नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

### बदला सलमान का लुक

लद्दाख में 45 दिन तक चले शूटिंग शेड्यूल के दौरान सलमान खान का लुक दमदार और रफ-टफ रखा गया था। वहीं, मुंबई लौटते ही उन्होंने अपनी दाढ़ी-मूंछ शेव कर क्लीन-शेव अवतार में एयरपोर्ट पर नजर आए। फैन्स को सलमान का यह नया अंदाज देखकर फिल्म के फर्स्ट लुक का इंतजार है।

### पिछली फिल्म फ्लॉप, इस बार दांव बड़ा

सलमान खान की पिछली फिल्म सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह असफल रही थी। यही कारण है कि अभिनेता इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। सूत्रों का कहना है कि सलमान इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद गंभीर हैं और हर सीक्वेंस पर बारीकी से काम कर रहे हैं ताकि फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतर सके।

### क्यों खास है बैटल ऑफ गलवान?

यह फिल्म सिर्फ एक युद्ध कथा नहीं बल्कि भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा को बड़े पर्दे पर पेश करने की कोशिश है। अपूर्व लाखिया अपने एक्शन और रियलिस्टिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं और ऐसे में उम्मीद है कि बैटल ऑफ गलवान युद्ध पर आधारित फिल्मों में एक खास पहचान बना सकती है। फिल्म में सलमान खान एक आर्मी अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर हद तक जाता है। उनके साथ अभिनेता अंकुर भाटिया भी अहम किरदार में नजर आएंगे।

### फैंस को पहले लुक का इंतजार

मुंबई शेड्यूल शुरू होने की खबर के बाद सलमान के फैंस सोशल मीडिया पर लगातार फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। हर किसी को इंतजार है कि आखिरकार कब सलमान खान का मिलिट्री अवतार पर्दे पर सामने आएगा। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद मेकर्स 2026 की शुरुआत में इसका पहला टीजर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in